# देशबन्धु

वर्ष –11 । अंक–171 । सागर, शुक्रवार 7 अगस्त 2026 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

कलेक्टर ने कन्या माध्यमिक शाला का किया औचक निरीक्षण — पृष्ठ 2
- भारत में बढ़ती असमानता और सिकुड़ते अवसर
- डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन : भारत की हरित क्रांति के जनक — पृष्ठ 4
- न कलम चल रही, न बस्ता खुल रहा, लोग परेशान — पृष्ठ 6

किसानों ने किया चक्काजाम, 1 घंटे बाद एसडीएम की समझाइश पर खुला जाम — पृष्ठ 7

## सार-समाचार

### मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-4' का गुरुवार को सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से किया गया। सामरिक बल कमान की देख-रेख में किये गये परीक्षण के दौरान सभी संचालन और तकनीकी मानकों की पुष्टि हुई। यह मिसाइल 4,000 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम है और एक टन वजनी परमाणु हथियार ले जा सकती है। सतह से सतह पर मार करने वाली इस मिसाइल से देश की रणनीतिक रक्षा और प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी।

### नीरज डांगी राज्यसभा में कांग्रेस संसदीय दल के सचेतक नियुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राज्यसभा सदस्य नीरज डांगी को राज्यसभा में कांग्रेस संसदीय दल का सचेतक (व्हिप) नियुक्त किया है। कांग्रेस संसदीय दल ने गुरुवार को यहां एक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री डांगी को राज्यसभा में कांग्रेस संसदीय दल का सचेतक बनाया गया है। राज्यसभा सदस्य रजनी अशोकराव पाटिल के सेवानिवृत्त होने से यह पद रिक्त हुआ है। श्री डांगी की नियुक्ति राज्यसभा सदस्य श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल के सेवानिवृत्त होने से रिक्त हुए सचेतक के पद पर की गई है।

### झारखंड : दलमा में बड़ी नक्सली साजिश नाकाम

**सरायकेला, एजेंसी।** झारखंड के दलमा जंगल क्षेत्र में माओवादियों की नई गतिविधियों को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। सरायकेला-खरसावां के पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि सारंडा क्षेत्र में सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई के बाद माओवादी संगठन दलमा इलाके में फिर से अपना नेटवर्क खड़ा करने और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में था। संयुक्त अभियान चलाकर इस साजिश को नाकाम कर दिया गया है। इस दौरान तीन इनामी नक्सलियों की गिरफ्तारी की गई है और उनकी निशानदेही पर दलमा पहाड़ से हथियारों का जखीरा भी बरामद किया गया है।

### सड़क हादसे में अतीक अहमद के छोटे बेटे की मौत

**झांसी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में गुरुवार को माफिया अतीक अहमद के छोटे बेटे अबान अहमद समेत दो लोगों की भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई जबकि कई गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है सभी कार सवार प्रयागराज से झांसी जेल में बंद अतीक के बड़े बेटे अली अहमद से मुलाकात करने जा रहे थे। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार, हादसा झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूछ थाना क्षेत्र के के पास हुआ। प्रयागराज से झांसी आ रही क्रेटा कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि हादसे में अतीक के बेटे अबान समेत दो की मौत हो गई। अन्य घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सभी प्रयागराज के निवासी बताए गए हैं।

### दूषित पेयजल से बच्ची की मौत पर एनएचआरसी का ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने हरियाणा के अंबाला जिले के शाहजादपुर में दूषित पेयजल के सेवन से पीलिया होने के कारण 12 वर्षीय बच्ची की मौत के मामले का स्वत: संज्ञान लिया है। एनएचआरसी ने गुरुवार को बताया कि आयोग ने मामले को गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन से जुड़ा मानते हुए हरियाणा के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। तीन अगस्त को प्रकाशित खबर में बताया गया था कि 12 वर्षीय बच्ची का पहले स्थानीय अस्पताल में पीलिया का इलाज किया गया था।

---

राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने कहा प्रधानमंत्री व गृहमंत्री सदन में आकर बयान दें

# संसद को बाधित करने के लिए सत्तापक्ष जिम्मेदार : खरगे

- सरकार विपक्ष को अपनी बात भी नहीं रखने देती
- कांग्रेस पूरे देश के छात्रों और युवाओं के साथ खड़ी



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद में गतिरोध के लिए सत्तापक्ष को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मामले में सदन में आकर जवाब देंगे तब ही संसद सुचारु रूप से चल सकेगी। श्री खरगे ने गुरुवार को यहां अपने आवास 10 राजाजी मार्ग पर संवाददाताओं से कहा कि विपक्ष पिछले 15 दिनों से छात्रों पर हुए कथित अत्याचार, लाठीचार्ज, पैलेट गन और आंसू गैस के इस्तेमाल के मुद्दे पर गृह मंत्री से सदन में बयान देने की मांग कर रहा है लेकिन सरकार लगातार इससे बच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे, इसके बावजूद उनके खिलाफ बल प्रयोग किया गया और इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल यह जानना चाहता है कि छात्रों पर लाठीचार्ज, पेलेट गन और आंसू गैस के इस्तेमाल का आदेश किसने दिया। यदि गृह मंत्री सदन में आकर स्थिति स्पष्ट कर देते तो इस मुद्दे पर चर्चा हो जाती और संसद का कामकाज सामान्य रूप से चल सकता था।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राज्यसभा के सभापति ने भी संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू से कहा है कि सदन की इच्छा है कि गृह मंत्री सदन में आकर अपनी बात रखें लेकिन इसके बावजूद सरकार ने इस दिशा में कोई पहल नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष को अपनी बात रखने का अवसर भी नहीं देती और जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर जवाबदेही से बच रही है।

**छात्रों की आवाज उठाती रहेगी पार्टी**

श्री खरगे ने कहा कि विपक्ष संसद को बाधित करने की बजाय चाहता है कि सदन में सार्थक चर्चा हो। यदि श्री मोदी छात्रों और उनके अभिभावकों से माफी मांग लें तथा श्री शाह सदन में बयान दे दें तो संसद का गतिरोध समाप्त हो सकता है। झारखंड में छात्रों से जुड़े घटनाक्रम के बारे में पूछे गए एक सवाल पर श्री खरगे ने कहा कि कांग्रेस किसी एक राज्य की नहीं, बल्कि पूरे देश के छात्रों और युवाओं के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि झारखंड, पंजाब, दिल्ली या किसी भी राज्य में छात्रों के साथ अन्याय होगा तो कांग्रेस उनकी आवाज उठाती रहेगी और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

### पुलिस बर्बरता व चढ़ावा चोरी पर फिर हुआ हंगामा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छात्रों पर पुलिस बर्बरता और मंदिर चढ़ावा चोरी मुद्दों को लेकर 14 वे दिन में संसद में भारी हंगामा हुआ, जिसके चलते दोनों सदनों कार्यवाही बाधित हुई। राज्यसभा में जब विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे बोलने के लिए खड़े हुए तो भाजपा के सांसदों ने टोका टाकी शुरू की जिसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। बाद में उन्होंने कहा कि वे दो ही चीज चाहते हैं, पहला गृह मंत्री अमित शाह सदन में आ कर बयान दें कि बच्चों पर लाठी और पैलेट गन क्यों चली? दूसरे प्रधानमंत्री मोदी माफी मांगे। खरगे के मुताबिक राज्यसभा के सभापति ने संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू से कहा है कि सबकी इच्छा है कि गृह मंत्री सदन में आकर बोलें। वहीं जब रिजिजू से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सभापति ने निर्देश नहीं दिया है, बल्कि यह कहा है कि विपक्ष ऐसा चाहता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सुबह से शाम तक संसद में ही रहते हैं, लेकिन विपक्ष हंगामा कर रहा है। सदन में तो वही मंत्री उपस्थित रहेगा, जिसके विधेयक पर चर्चा होनी है। गतिरोध खत्म करने के लिए सरकार और विपक्ष के बीच बात तो हो रही है, लेकिन तना तनी भी बरकरार है।

---

# सूरज की ताकत से ऊर्जा के नए शिखर पर मध्य प्रदेश



**भोपाल/ नई दिल्ली, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश वर्ष 2030 तक देश की 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने में पूरी प्रतिबद्धता के साथ योगदान दे रहा है। नवकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण और हरित औद्योगिक विकास के क्षेत्र में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

नई दिल्ली में आयोजित 7वें अंतरराष्ट्रीय नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी-2026 में मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश की स्वच्छ ऊर्जा उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण किया। सम्मेलन में शामिल होने के लिए उन्होंने एयरपोर्ट से दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन से शिवाजी स्टेडियम तक यात्रा कर स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन का संदेश भी दिया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में मध्य प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता 438 मेगावाट से बढ़कर करीब 11 हजार मेगावाट हो गई है। यानी क्षमता में लगभग 25 गुना वृद्धि हुई है। पिछले दो वर्षों में नवकरणीय ऊर्जा, पंप्ड हाइड्रो ऊर्जा भंडारण और बायोमास से जुड़ी नीतियां लागू कर निवेश और नवाचार को गति दी गई है। उन्होंने कहा कि 750 मेगावाट रीवा अल्ट्रा मेगा सौर परियोजना ने देश में पहली बार सौर ऊर्जा का टैरिफ कोयला आधारित बिजली से भी कम करने का उदाहरण पेश किया। परियोजना को वर्ल्ड बैंक ग्रुप प्रेसिडेंट्स अवार्ड फॉर एक्सीलेंस मिला है। वहीं 1500 मेगावाट आगर-शाजापुर-नीमच सौर परियोजना में 2.14 रुपये प्रति यूनिट का रिकॉर्ड न्यूनतम सौर टैरिफ हासिल हुआ है।

डॉ. यादव ने बताया कि 278 मेगावाट क्षमता की देश की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर परियोजना का लोकार्पण 25 दिसंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। 'सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना' के तहत करीब 14,900 मेगावाट क्षमता के प्रस्ताव मिले हैं।

ऊर्जा सुरक्षा के लिए मुरैना में 440 मेगावाट सौर ऊर्जा और 880 मेगावाट-घंटा बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना विकसित की जा रही है। चार, छह और 24 घंटे की सौर-सह-ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं पर भी काम जारी है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश में करीब 1.5 लाख घरों में 566 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।

- नवकरणीय ऊर्जा में देश का अग्रणी राज्य बन रहा प्रदेश : डॉ. यादव
- 438 मेगावाट से बढ़कर 11 हजार मेगावाट हुई क्षमता
- अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया हरित ऊर्जा मॉडल

### हरित ऊर्जा के क्षेत्र में मप्र के काम की दुनिया में चर्चा : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देश में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। सौर और पवन ऊर्जा के उत्पादन को लगातार बढ़ाया जा रहा है। राज्य में चौबीसों घंटे स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम जारी है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के हरित ऊर्जा मॉडल की चर्चा अब विश्व स्तर पर हो रही है।

नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी में शामिल होने के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश भारतीय रेलवे सहित आठ राज्यों को हरित ऊर्जा की आपूर्ति कर रहा है। डॉ. यादव ने बताया कि पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार ने नवकरणीय ऊर्जा, पंप्ड हाइड्रो ऊर्जा भंडारण और बायोमास से जुड़ी नीतियां लागू कर निवेश और नवाचार को गति दी है। आगर-शाजापुर-नीमच सौर परियोजना में 2.14 रुपये प्रति यूनिट का रिकॉर्ड न्यूनतम सौर टैरिफ प्राप्त हुआ है।

---

छात्र आंदोलनों पर बोले मोहन भागवत

# जेन-जी हमारी पीढ़ी से ज्यादा ईमानदार

- आरएसएस प्रमुख ने कहा वे देशविरोधी नहीं, उनकी शिकायतें वास्तविक
- विरोध-प्रदर्शन भी सहमति बनाने का माध्यम



**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने हालिया छात्र आंदोलनों और जेन जी को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि जेन जी विरोध-प्रदर्शन कर रही है तो उन्हें 'देशविरोधी' नहीं कहा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह देश की अपनी नई पीढ़ी है और उनके मुद्दों को संवाद के जरिए समझकर समाधान निकालने की जरूरत है। एक छात्र संवाद कार्यक्रम में भागवत ने कहा, 'अगर जेन जी प्रदर्शन कर रही है तो इसका मतलब यह नहीं कि वे एंटी-नेशनल हैं। वे हमारे अपने लोग हैं, हमारी अगली पीढ़ी हैं। मेरा मानना है कि जेन जी और जेन अल्फा मौजूदा पीढ़ी की तुलना में अधिक ईमानदार हैं। उनके साथ देशभक्ति और सेवा की ईमानदार अपील प्रभावी होती है।'

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन भी सहमति बनाने का एक माध्यम है। विभिन्न विचारों के बीच संवाद से ही व्यापक सहमति बनती है। यदि किसी कारण से लोगों की बात नहीं सुनी जाती, तब आंदोलन का रास्ता अपनाया जा सकता है, लेकिन उसका उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। भागवत ने कहा कि हाल की घटनाओं में छात्रों की शिकायतें वास्तविक हैं और भारत की शिक्षा व्यवस्था में अभी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसलिए इन मुद्दों पर गंभीर संवाद होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'जब हम उनकी उम्र के थे, तब बड़ों की हर बात बिना सवाल किए मान लेते थे।

#### सभी के लिए शिक्षा सुलभ होनी चाहिए

शिक्षा व्यवस्था पर बोलते हुए भागवत ने कहा कि शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए और उसकी उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सबसे पहले शिक्षकों को बेहतर प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'शिक्षा हमारे बच्चों और अगली पीढ़ी के निर्माण के लिए है, पैसा कमाने का माध्यम नहीं।' उन्होंने शिक्षकों के लगभग 10 लाख रिक्त पदों का उल्लेख करते हुए शिक्षा पर सकल बजट का 6 प्रतिशत खर्च किए जाने की लंबे समय से चली आ रही मांग का समर्थन किया।

---

### सीजेपी सितंबर से देशभर में चलाएगी 'बोलती पब्लिक' अभियान



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने जंतर-मंतर आंदोलन और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को युवाओं की बड़ी जीत बताते हुए पार्टी के आगामी एजेंडे का ऐलान किया। दिपके ने गुरुवार को कहा कि पिछले कई वर्षों से सरकार यह संदेश देती रही कि सत्ता में बैठे लोगों से कोई सवाल नहीं पूछ सकता। लेकिन युवाओं के आंदोलन ने इस धारणा को बदल दिया। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा सिर्फ एक व्यक्ति का इस्तीफा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक आंदोलन की सफलता और जनता के भीतर से डर खत्म होने का प्रतीक है।

कॉकरोच जनता पार्टी की विचारधारा पर बोलते हुए दिपके ने कहा कि उनकी पार्टी भारतीय संविधान के मूल्यों पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू के विचारों से प्रेरित होकर पार्टी सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए काम करेगी। दिपके ने बताया कि पार्टी की दो दिवसीय कोर कमेटी की बैठक में सितंबर से देशभर में 'बोलती पब्लिक' नाम से राष्ट्रीय अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है।

---

# विमान ईंधन में एथेनॉल मिलाने की कोई योजना नहीं : नायडू

- मीडिया पर आई खबरों को गलत बताया
- केजरीवाल ने भी सवाल उठाए थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राम मोहन नायडू ने गुरुवार को कहा कि विमान ईंधन में एथेनॉल मिलाने की योजना के दावों को गलत बताया और कहा कि इससे हवाई यात्रियों में अनावश्यक चिंता पैदा होती है। श्री नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि सरकार द्वारा विमान ईंधन में एथेनॉल मिलाने की योजना होने का दावा 'पूरी तरह से झूठा और गैर-जिम्मेदाराना' है। उन्होंने कहा कि ऐसी किसी भी योजना का प्रस्ताव नहीं है। उल्लेखनीय है कि मीडिया में इस तरह की खबरें आयी थीं कि सरकार ने विमान ईंधन में एथेनॉल मिलाने की अनुमति दे दी है।

इसके बाद आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी सोशल मीडिया पर कहा कि इससे विमान का इंजन कभी भी बंद हो सकता है और यात्रियों की जान का खतरा हो सकता है। श्री नायडू ने स्पष्ट किया कि हरित विमान ईंधन एथेनॉल से अलग है। उन्होंने लिखा, 'एथेनॉल और हरित विमान ईंधन पूरी तरह अलग-अलग ईंधन हैं और इन्हें एक-दूसरे के समान नहीं माना जाना चाहिए। हरित विमान ईंधन एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित विमानन ईंधन है, जिसे अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन द्वारा मान्यता प्राप्त है और दुनिया भर में अपनाया गया है। यह कठोर परीक्षणों से गुजरता है और वैश्विक सुरक्षा के सख्त मानकों पर खरा उतरता है।' नागरिक उड्डयन मंत्री ने यात्रियों की सुरक्षा को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि विमानन सुरक्षा से जुड़ी गलत जानकारी फैलाने से केवल हवाई यात्रियों में अनावश्यक चिंता पैदा होती है।

---

# अमेरिका का दुनिया के 60 फीसदी तेल पर नियंत्रण : ट्रंप



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का दुनिया के 60 प्रतिशत तेल पर कंट्रोल है, जिसमें वेनेजुएला के रिसोर्स को भी अमेरिकी क्षमता का हिस्सा माना गया है। लास वेगास में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए श्री ट्रंप ने कहा, 'हमारे पास दुनिया के किसी भी देश की तुलना में ज़्यादा तेल और गैस है। अब इसमें वेनेजुएला को भी जोड़ लें। इसे जोड़ने पर, वेनेजुएला सहित हमारे पास दुनिया का 60 प्रतिशत तेल और गैस है।'

अमेरिका ने 3 जनवरी को वेनेजुएला में एक बड़े पैमाने पर ऑपरेशन शुरू किया, जिसके दौरान निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को हिरासत में लेकर न्यूयॉर्क ले जाया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन पर 'नार्को-टेररिज्म' (नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़ा आतंकवाद) में शामिल होने के आरोपों के लिए मुकदमा चलाया जाएगा। मादुरो और फ्लोरेस ने न्यूयॉर्क की अदालत में आरोपों से इनकार किया। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद, वेनेजुएला के सुप्रीम कोर्ट ने अस्थायी रूप से राष्ट्रपति पद का कार्यभार उपराष्ट्रपति रोड्रिग्ज को सौंप दिया। उनके कार्यकाल के दौरान, अमेरिकी और वेनेजुएला के अधिकारियों ने एक नए द्विपक्षीय एजेंडे पर बातचीत शुरू की है, जिसमें ड्रग तस्करी से निपटने में सहयोग, वेनेजुएला के फंड की रिहाई, दक्षिण अमेरिकी देश के तेल की बिक्री, माइनिंग एक्सप्लोरेशन और राजनयिक बातचीत को फिर से शुरू करना शामिल है।

---

निचली अदालत ने सही से नहीं की जांच, उच्च न्यायालय बना रहा मूकदर्शक

# 22 साल जेल में रहा बेगुनाह, सर्वोच्च अदालत ने निचली अदालतों को फटकारा



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** न्यायिक संस्थाओं की कमजोरी कभी-कभी किसी जिन्दगी के साथ ऐसा खिलवाड़ कर देती है कि जब बेकसूर आदमी भी उम्रकैद जैसी सजा काटने के लिए मजबूर हो जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐसे शख्स को बरी किया है, जिसे अपनी जिंदगी के 22 साल जेल में गुजारने पड़े।

यह सब उसे ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट की वजह से भुगतना पड़ा। क्योंकि ट्रायल कोर्ट ने सबूतों की सही से जांच नहीं की और दोषी ठहराए जाने के बाद हाई कोर्ट ने उसकी अपील पर सुनवाई नहीं की, यानी उच्च न्यायालय मौन बना रहा। जिसके बाद उसने शीर्ष अदालत में गुहार लगाई। यह एक ऐसा विशिष्ट मामला है जहां एक गरीब वादी का न्याय के लिए संघर्ष न्यायपालिका के ही हाथों विफल हो गया, जब अदालत ने तकनीकी आधार पर सुनवाई से इनकार कर दिया। गरीब दोषी पहले ही 12 साल जेल में बिता चुका था, जब उसने उच्च न्यायालय का रुख किया। न्यायालय ने अपील दायर करने में देरी के तकनीकी आधार पर उसकी सुनवाई करने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट के इनकार करने के बाद उसे 10 साल और जेल में गुजारना पड़ा।

सर्वोच्च न्यायालय ने क्या कहा- जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो शीर्ष अदालत ने तमाम बिंदुओं पर ध्यान देते हुए उसे बरी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट को यह स्वीकार करना पड़ा कि- न्याय तक पहुंच अभी भी हमारे समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों और विशेष रूप से उनमें से दोषी ठहराए गए और जेल में बंद लोगों से दूर है । जस्टिस जेबी परदीवाला और के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा, 'हम उस आदेश से बेहद निराश और चिंतित हैं, जिसमें 3,157 दिनों की देरी की माफी मांगने वाली याचिका को खारिज कर दिया गया और परिणामस्वरूप धारा 302 के तहत दोषसिद्धि के आदेश के खिलाफ 'जेल अपील ज्ञापन' को भी खारिज कर दिया गया, जिसमें दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, जबकि विवादित आदेश के समय वह 12 साल और अब 10 साल की अतिरिक्त अवधि, कुल मिलाकर 22 साल जेल में बिता चुका था। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि हाईकोर्ट को इस बात पर भी विचार करना चाहिए था कि यह जेल के माध्यम से अपील थी और न्यायालय को इस मामले का व्यावहारिक दृष्टिकोण, या बल्कि सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाना चाहिए था और कम से कम याचिकाकर्ता को अपनी आपराधिक अपील पर गुण-दोष के आधार पर बहस करने का एक अवसर देने के लिए देरी को माफ कर देना चाहिए था। सबूतों की जांच करने पर अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची कि यह मामला केवल एक प्रत्यक्षदर्शी के अविश्वसनीय और संदिग्ध बयान के आधार पर दोष सिद्ध करने योग्य नहीं था। जिसके बाद अदालत ने उसे तिहरे हत्याकांड के मामले में बरी कर दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि केवल संदेह के आधार पर व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उससे थर्ड डिग्री (यातना) देकर इकबालिया बयान लिया गया, जिसे कानून में सबूत के तौर पर स्वीकार भी नहीं किया जा सकता था। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने सबूतों की सही तरीके से जांच नहीं की और हाई कोर्ट भी मूकदर्शक बना रहा। जिसके चलते बिना किसी मजबूत सबूत के उस व्यक्ति की जिंदगी के 22 साल बर्बाद हो गए।

# कलेक्टर ने कन्या माध्यमिक शाला का किया औचक निरीक्षण

## छात्राओं से संवाद कर इंटरएक्टिव पैनल के नियमित उपयोग के दिए निर्देश



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने एकीकृत शास. कन्या माध्य. शाला, सिंधी कैंप सुभाषनगर का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं, मध्याह्न भोजन तथा डिजिटल शिक्षण सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से आत्मीय संवाद कर उनकी पढ़ाई, विद्यालयीन सुविधाओं और शिक्षण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने विद्यालय में तैयार किये गये मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का स्वयं निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्यार्थियों को शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप पौष्टिक, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन समय पर उपलब्ध कराया जाये। विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने और उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों का अधिकतम लाभ उठाने के लिये प्रेरित किया। विद्यालय में स्थापित इंटरएक्टिव पैनल का अवलोकन करते हुये कलेक्टर ने कहा कि आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण विद्यार्थियों की विषयगत समझ को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिये कि इंटरएक्टिव पैनल के उपयोग के लिये रोस्टर तैयार कर नियमित रूप से डिजिटल कक्षायें संचालित की जायें, ताकि प्रत्येक छात्रा को समान रूप से इसका लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, विद्यालय की प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्रायें उपस्थित रही।

## सेंट्रलाइज किचन का औचक निरीक्षण कर, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता परखी



कलेक्टर प्रतिभा पाल ने नगर निगम क्षेत्र स्थित सेंट्रलाइज किचन केंद्रीयकृत किचन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भोजन निर्माण प्रक्रिया, स्वच्छता व्यवस्था और उपयोग में लाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन करते हुये आवश्यक निर्देश दिये। तिलकगंज आकांक्षा समग्र विकास समिति द्वारा संचालित इस आधुनिक सेंट्रलाइज किचन से शहर के 83 शास. प्राथ. एवं माध्य. विद्यालयों के लगभग 6540 विद्यार्थियों के लिये प्रतिदिन मध्याह्न भोजन तैयार किया जाता है। यहां सुबह 5 बजे से भोजन निर्माण प्रारंभ होकर निर्धारित समय तक सभी विद्यालयों के लिये गर्म एवं ताजा भोजन भेजा जाता है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने भोजन तैयार करने वाले स्थान, बर्तनों की स्वच्छता, भंडारण व्यवस्था तथा उपयोग में लाये जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने पाया कि भोजन निर्माण में एगमार्क मानकों के अनुरूप तेल एवं मसालों का उपयोग किया जा रहा है। गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिये उन्होंने निर्देश दिये कि प्रतिदिन तैयार होने वाले भोजन का एक सैंपल अनिवार्य रूप से सुरक्षित रखा जाये, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उसकी जांच कराई जा सके।

## बैठक में जनभागीदारी और महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर



**मालथौन, देशबन्धु।** जनपद पंचायत मालथौन के सभागार में सभी नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विकास एवं जनजागरूकता संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुये आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में ब्लॉक की सभी प्रस्फुटन समितियों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान, तिरंगा यात्रा तथा नवांकुर सखी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही समितियों की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनभागीदारी बढ़ाने पर विचार विमर्श हुआ। संचालन एवं मार्गदर्शन ब्लॉक समन्वयक धर्मनारायण नाड़ीबाल ने किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के उद्देश्यों एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। बैठक में जनपद सदस्य राजेंद्र सिंह बुंदेला, अजय सिंह परमार, केपी लाकरा पीसीओ, संजय सेन, कुलदीप सहित विभिन्न प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य मौजूद रहे।

## महिलाओं की सुरक्षा को देने 985 वन स्टॉप सेंटरों से 15.20 लाख से अधिक महिलाओं को मिला संबल



**सागर, देशबन्धु।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में केंद्र सरकार की मिशन शक्ति पहल प्रभावी साबित हो रही है। देशभर में संचालित वन स्टॉप सेंटर ओएससी हिंसा और संकट का सामना कर रही महिलाओं के लिये एक ही स्थान पर त्वरित एवं समग्र सहायता उपलब्ध करा रहे हैं। वर्तमान में देश में 1033 वन स्टॉप सेंटर स्वीकृत हैं, जिनमें से 985 केंद्र सक्रिय रूप से संचालित हो रहे हैं। योजना की शुरुआत से 30 जून तक 15.20 लाख से अधिक महिलाओं को इन केंद्रों के माध्यम से सहायता प्रदान की जा चुकी है। यह जानकारी लोकसभा में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने सांसद् लता गुड्डू वानखेड़े द्वारा वन स्टॉप सेंटरों के विस्तार संबंधी पूछे गये प्रश्न के उत्तर में दी। राज्य मंत्री ने बताया कि वन स्टॉप सेंटरों का संचालन राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग से किया जा रहा है। महिलाओं को समय पर सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अब तक 657 वन स्टॉप सेंटरों का महिला हेल्पलाइन से एकीकरण किया जा चुका है। साथ ही महिला हेल्पलाइन को ईआरएसएस.112, चाइल्ड हेल्पलाइन.1098 तथा अन्य सेवा तंत्रों से जोड़कर आपातकालीन सहायता और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत पूर्व में संचालित स्वाधार गृह एवं उज्ज्वला गृह योजनाओं का विलय कर अब शक्ति सदन योजना संचालित की जा रही है। यहां महिलाओं को सुरक्षित आश्रय, भोजन, वस्त्र, परामर्श, प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधायें तथा अन्य आवश्यक सेवायें उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके साथ ही कौशल विकास, व्यावसायिक प्रशिक्षण, बैंक खाता खुलवाने, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलाने तथा रोजगारोन्मुखी सहायता भी प्रदान की जाती है। महिलाओं के सुरक्षित आवास की दिशा में सखी निवास योजना भी प्रभावी भूमिका निभा रही है। इस योजना के तहत शहरी, अर्ध.शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कामकाजी एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं के लिये सुरक्षित और सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराया जाता है। सखी निवासों में महिलाओं के बच्चों के लिये डे.केयर सेंटर की सुविधा भी उपलब्ध है। वर्तमान में देशभर में 575 सखी निवास संचालित हैं।

## मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शुभारंभ आज से

**सागर, देशबन्धु।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं की जमीनी समीक्षा और जनभागीदारी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मप्र शासन का महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री जन.विश्वास अभियान 2026 आज से प्रारंभ होगा। यह अभियान 8 जनवरी 2027 तक संचालित रहेगा तथा प्रत्येक शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन.विश्वास अभियान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। अभियान मे जिला प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारी स्वयं गांवों और मैदानी क्षेत्रों में पहुंचकर नागरिकों की शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों एवं विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण किया जायेगा।

## खेल परिसर में सुबह की सैर व्यक्ति का अधिकार, इस पर शुल्क लगाना प्रशासनिक तानाशाही : आशीष ज्योतिषी



**सागर, देशबन्धु।** खेल परिसर में मॉर्निंग वॉक करने वालों के लिये रजिस्ट्रेशन और मासिक शुल्क लागू किये जाने के निर्णय का जिला कांग्रेस कमेटी ने विरोध किया है। कांग्रेस नेता आशीष ज्योतिषी ने इस फैसले को जनविरोधी बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। ज्योतिषी ने कहा कि मॉर्निंग वॉक प्रत्येक नागरिक के स्वस्थ जीवन से जुड़ा अधिकार है और इस पर शुल्क लगाना उचित नहीं है। उनका आरोप है कि खेल परिसर में अचानक सूचना बोर्ड लगाकर मॉर्निंग वॉक और खेलने आने वाले लोगों के लिये रजिस्ट्रेशन एवं मासिक शुल्क अनिवार्य कर दिया गया, जिससे खेल प्रेमियों और नियमित आने वाले लोगों में नाराजगी है। जहां मॉर्निंग वॉक करने वालों पर शुल्क लगाया जा रहा है, वही सुबह लगने वाली आरएसएस की शाखा को इससे मुक्त रखा गया है। उनके अनुसार खेल परिसर का उद्देश्य खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना है और इस प्रकार का शुल्क आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने जैसा है। उन्होंने कहा कि खेल परिसर में प्रतिदिन सुबह-शाम लगभग दो हजार लोग मॉर्निंग वॉक और विभिन्न खेल गतिविधियों के लिये आते हैं। प्रशासन से इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुये शुल्क संबंधी आदेश तत्काल वापस लेने की मांग की। हालांकि इस संबंध में खेल परिसर प्रशासन की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नही आई है।

## पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, राजस्व कार्य ठप



**बीना, देशबन्धु।** मप्र पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर पटवारी छह सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इस कारण राजस्व संबंधी कार्य ठप हो गये हैं। नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, नक्शा नकल, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों के सत्यापन जैसे किसानों और नागरिकों से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पटवारी राजीव साहू ने बताया कि आंदोलन लंबे समय से मांगों और अधिकारों की प्राप्ति के लिये किया जा रहा है। जब तक सरकार ठोस निर्णय नहीं लेती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। पटवारी संघ का आरोप है कि सरकार द्वारा तैयार कैडर रिव्यू प्रस्ताव में अन्य संवर्गों को लाभ दिया गया है, लेकिन पटवारी संवर्ग को इससे बाहर रखा गया। संघ का कहना है कि राजस्व व्यवस्था की आधारशिला होने के बावजूद पटवारियों की उपेक्षा की जा रही है। संघ के अनुसार राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार और तहसीलदार जैसे पदों पर नियमित पदोन्नतियां हो रही हैं, जबकि पटवारियों के लिये पदोन्नति के अवसर सीमित हैं। अधिकांश पटवारी अपनी नियुक्ति से लेकर सेवानिवृत्ति तक इसी पद पर बने रहते हैं। पटवारियों की मांग है कि उच्च पदों के वेतनमान में समय-समय पर वृद्धि की गई, लेकिन पटवारी संवर्ग के वेतनमान में सुधार नहीं हुआ। साथ ही नियमानुसार समय पर पदोन्नति नहीं मिलने पर दिये जाने वाले समयमान वेतनमान का लाभ भी उन्हें पदोन्नति पद के अनुरूप नहीं मिल रहा है। राजस्व कार्यों के अलावा कृषि संगणना, लघु सिंचाई संगणना, स्वामित्व योजना समेत करीब 36 विभागों की विभिन्न योजनाओं का कार्य भी पटवारी ही करते हैं। इसके लिये निर्धारित अतिरिक्त मानदेय वर्षों से लंबित है, जिसका भुगतान अब तक नहीं किया गया। बीना तहसील में कार्य प्रभावित होने से किसान और आम नागरिक परेशान हैं। कई लोग काम नहीं होने के कारण तहसील कार्यालय से निराश होकर लौट रहे हैं।

## विश्वविद्यालय के उन्नत अनुसंधान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण, विद्यार्थियों ने आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों के बारे में जाना



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि के उन्नत अनुसंधान केंद्र सीएआर में सेंट नॉरबर्ट स्कूल दमोह के कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों के लिये शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। कुलगुरु प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक शोध, नवाचार और आधुनिक अनुसंधान तकनीकों के प्रति रुचि विकसित करना था। सीएआर की मुख्य समन्वयक प्रो. श्वेता यादव की पहल पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्र के प्रभारी डॉ. विवेक कुमार पांडे ने विद्यार्थियों को अनुसंधान केंद्र का परिचय देते हुये वैज्ञानिक अनुसंधान में अत्याधुनिक उपकरणों की भूमिका से अवगत कराया। उन्होंने ऐसे शैक्षणिक भ्रमणों को विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण और शोध संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप, ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप, न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस एनएमआर स्पेक्ट्रोमीटर तथा पाउडर एक्स.रे डिफ्रेक्टोमीटर जैसे आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों के कार्य एवं उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुये उन्हें विज्ञान एवं अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों से परिचित कराया। शैक्षणिक भ्रमण के उपरांत सेंट नॉरबर्ट स्कूल के प्राचार्य फादर रॉक माइकल एवं शिक्षकों ने विवि का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और शोध के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में अत्यंत उपयोगी हैं। कार्यक्रम के आयोजन में सीएआर की तकनीकी टीम के डॉ. विवेक कुमार पांडे, शिवप्रकाश सोलंकी, सौरभ साह, आशीष चढ़ार, अरविंद चढ़ार एवं चंद्रप्रकाश सैनी का योगदान रहा।

## किला गेट के सामने से मोटरसाइकिल चोरी, 2 संदिग्ध सीसीटीवी में कैद

**खुरई, देशबन्धु।** शहर में वाहन चोरी की घटनायें थमने का नाम नही ले रही हैं। बुधवार देर शाम किला गेट के सामने खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार चंद्रशेखर वार्ड निवासी बंटी लिटोरिया ने अपनी बाइक एमपी 15 एमएक्स 5009 किला गेट के सामने खड़ी की थी। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली। आसपास तलाश करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लगा। घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में दो युवक मोटरसाइकिल चोरी कर ले जाते दिखाई दिये। एक संदिग्ध ने काली और दूसरे ने सफेद शर्ट पहन रखी थी। दोनों की तस्वीरें स्पष्ट रूप से कैमरे में रिकॉर्ड हुई हैं। खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जायेगा।

## चोरी की वारदातों के त्वरित खुलासे पर खुरई पुलिस टीम का सम्मान



**खुरई, देशबन्धु।** नगर में हाल ही में किसानों के चोरी हुये चार ट्रैक्टरों की बरामदगी तथा पुरानी तहसील स्थित श्री हनुमान मंदिर एवं महाकाली मंदिर में हुई चोरी की घटनाओं का त्वरित एवं सफल खुलासा करने पर भाजपा नगर मंडल खुरई द्वारा विधायक भूपेंद्र सिंह के निर्देशानुसार विधायक कार्यालय में पुलिस सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह, एसडीओपी प्रवीण अष्टाना, उप निरीक्षक अशोक उपाध्याय, आरक्षक धर्मदास, आरक्षक धीरेंद्र राजावत सहित चोरी की घटनाओं के खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौधरी ने कहा कि खुरई पुलिस ने कम समय में गंभीर चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा कर कानून व्यवस्था के प्रति अपनी सजगता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। वरिष्ठ भाजपा नेता देशराज यादव ने थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह की कार्यशैली की सराहना करते हुये कहा कि उनके नेतृत्व में खुरई पुलिस ने अपराध नियंत्रण और त्वरित कार्यवाही के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। इस अवसर पर रविन्द्र नरौदा, राजपाल सिंह राजपूत, नन्नी बाई, हरिशंकर कुशवाहा, गणेश पटेल, आकाश परिहार सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुलिस टीम के उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा करते हुये उनका अभिनंदन किया। भाजपा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, सोशल मीडिया टीम तथा नपा के पार्षदों ने भी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने कहा कि खुरई पुलिस 24 घंटे जनता की सुरक्षा के लिए समर्पित है। उन्होंने नागरिकों से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुये कहा कि पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास एवं सहभागिता से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने खुरई को सुरक्षित, शांत और अपराधमुक्त नगर बनाने के संकल्प को दोहराया। अंत में राजेंद्र यादव कल्लू ने आभार व्यक्त किया।

## बीना रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस का स्टॉपेज किया जाए: गुरोन



**सागर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख जंक्शनों में शामिल बीना रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव, यात्रियों की सुविधा और क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुये शिवसेना के राज्य संगठक मनी सिंग गुरोन ने रेल मंत्रालय से भोपाल-दिल्ली मार्ग पर संचालित वंदे भारत एक्सप्रेस का स्टॉपेज बीना स्टेशन पर दिये जाने की मांग उठाई है। मनी सिंग गुरोन ने कहा कि बीना रेलवे जंक्शन सागर जिले का महत्वपूर्ण रेलवे केंद्र है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री देश के विभिन्न हिस्सों के लिये यात्रा करते हैं। बीना स्टेशन पर कई सुपरफास्ट एवं महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव पहले से है, ऐसे में आधुनिक सुविधाओं से युक्त वंदे भारत एक्सप्रेस का स्टॉपेज भी यहां होना यात्रियों के हित में आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस के बीना में रुकने से सागर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक रेल यात्रा का लाभ मिलेगा। इससे क्षेत्र में व्यापार, शिक्षा और रोजगार से जुड़े लोगों को भी सुविधा प्राप्त होगी। गौरतलब है कि बीना में वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर सांसद लता वानखेड़े भी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्राचार कर चुकी हैं।

मनी सिंग गुरोन ने बताया कि इससे पहले भी उन्होंने तत्कालीन सांसद राजबहादुर सिंह के समक्ष बीना रेलवे स्टेशन पर शताब्दी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रखी थी, जिसे बाद में स्वीकृति मिली थी। इसी क्रम में उन्होंने अब वंदे भारत एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग को प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि रेल मंत्रालय यात्रियों की सुविधा और क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुये जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लेगा।

## एसडीओपी कार्यालय परिसर में मिले सांप के 10 अंडे, सर्प मित्र ने सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया



**बण्डा, देशबन्धु।** एसडीओपी कार्यालय परिसर में गुरुवार को सफाई के दौरान सांप के करीब 10 अंडे मिलने से कुछ समय के लिये कर्मचारियों में उत्सुकता और सावधानी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही सर्प मित्र को बुलाया गया, जिन्होंने अंडों को सुरक्षित तरीके से हटाकर उचित स्थान पर पहुंचाया। जानकारी के अनुसार एसडीओपी कार्यालय परिसर में नियमित साफ सफाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान झाड़ियों और मलबे के बीच सफेद रंग के कुछ अंडे दिखाई दिये। कर्मचारियों ने सावधानी बरतते हुये इसकी सूचना अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे सर्प मित्र एवं स्नेक कैचर सनी पाण्डेय ने जांच कर अंडों की पहचान सांप के अंडों के रूप में की। उन्होंने बिना किसी नुकसान के सभी अंडों को सुरक्षित तरीके से वहां से हटाकर प्राकृतिक वातावरण वाले स्थान पर पहुंचाया। सर्प मित्र की तत्परता और सावधानी से एक ओर जहां कार्यालय परिसर में संभावित खतरे को टाला गया, वही वन्यजीव संरक्षण का भी उदाहरण देखने को मिला। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के सांप या वन्यजीव दिखाई देने पर घबराने के बजाय विशेषज्ञों को सूचना दें, ताकि उन्हें सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया जा सके।

## गुरु का सम्मान करें, इष्टदेव भगवान झूलेलाल को कभी न भूले: संत लालदास



**सागर, देशबन्धु।** संत कंवर राम वार्ड में आयोजित भगवान श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव में गुरुवार को छत्तीसगढ़ के चक्करभाटा से पधारे संत लालदास भाऊ का श्रद्धाभाव के साथ स्वागत किया गया। संत के आगमन से पूरा महोत्सव परिसर भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संत के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने प्रेरणादायी प्रवचन में संत लालदास ने कहा कि जीवन में गुरु का मार्गदर्शन व्यक्ति को सही दिशा प्रदान करता है, लेकिन गुरु बनाने के साथ अपने आराध्य श्री झूलेलाल को सदैव स्मरण रखना चाहिये। श्रद्धा और विधि विधान से झूलेलाल की आराधना एवं चालिहा व्रत करने से परिवार में सुख, शांति और समृद्धि का वातावरण बनता है। संत ने श्रद्धालुओं से नियमित रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने का आह्वान करते हुये कहा कि इससे आत्मविश्वास, सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने सिंधी समाज की पारंपरिक वाणी लाल खाय मिसरी दु:ख वज्जन विसरी का स्मरण कर झूलेलाल की महिमा का गुणगान किया। युवाओं को संदेश देते हुये कहा कि समाज की दिशा और भविष्य युवाओं के संस्कारों पर निर्भर है। उन्होंने युवाओं से नशे, जुये और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार, सेवा और सकारात्मक सोच के मार्ग पर आगे बढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समाज की जिम्मेदारी है। संत लालदास ने घोषणा की कि जल्द ही सागर में भगवान श्री झूलेलाल की अमर कथा का भव्य आयोजन किया जायेगा। इस घोषणा से श्रद्धालुओं में उत्साह और हर्ष का वातावरण बन गया। प्रवचन के पश्चात संत लालदास ने सिविल लाइन स्थित भगवान श्री झूलेलाल मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना की और समाज की सुख समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में समाजसेवी मुरली बजाज के नेतृत्व में उनका पुष्पमालाओं एवं शॉल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। महोत्सव में दिया राजपूत, मोनिका मेठवानी, लीला आहूजा, भारती मोहनानी, रैना गोकलानी, वर्षा हासानी, लालाराम मेठवानी, मंडली अध्यक्ष सुरेश मोहनानी सहित सिंधी समाज के वरिष्ठ जन, महिलायें, युवा एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

# खड़े ट्रक में घुसी बोलेरो, 2 महिलाओं की मौत

## भैंसा नाका के पास हुआ हादसा, ड्राइवर समेत 2 गंभीर रूप से घायल

**सागर, देशबन्धु।** शहर में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसा भैंस नाका चुंगी चौकी के पास राठौर बंगले के सामने हुआ, जहां तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा घुसी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी। अचानक अनियंत्रित होकर कार सीधे ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग अंदर फंस गये। दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा गया। घायलों को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम बोलेरो क्र. एमपी 15 सीए 1093 कृषि उपज मंडी की ओर से भैंसा नाका की ओर जा रही थी। तभी सड़क किनारे खड़े ट्रक क्र. एमपी 15 एचए 1077 से बोलेरो की टक्कर हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बोलेरो में चार लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सीधे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गये और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शवों को मोर्चरी में रखवाया गया है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। कैंट पुलिस मामला दर्ज कर मृतकों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। प्रारंभिक रूप से एक मृतक महिला का नाम नेहा बसंल निवासी शिवनगर बताया जा रहा है। पुलिस परिजन से संपर्क कर पुष्टि कर रही है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक के बैग से 50 हजार चोरी



**सागर, देशबन्धु।** देवरी स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा में एक रिटायर्ड शिक्षक के बैग से 50 हजार रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। तिलक वार्ड निवासी 84 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक तुलसीराम नेमा पिता घनश्याम नेमा अपनी नातिन रूनझुन के साथ मकान निर्माण के काम के लिये दोपहर में एसबीआई की देवरी शाखा पहुंचे थे। उन्होंने दोपहर करीब 3 बजे बैंक से 50 हजार रुपये निकाले और उन्हें अपने थैले में रख लिया। बैंक से बाहर निकलने के बाद जब उन्होंने थैला देखा तो वह कटा हुआ था और उसमें रखी पूरी नकदी गायब थी। घटना के बाद रिटायर्ड शिक्षक ने देवरी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें दो संदिग्ध युवतियां नजर आई हैं। फुटेज में एक युवती पीले रंग का सूट पहनकर शिक्षक के आगे चलती दिखाई देती है, जबकि दूसरी युवती पीछे से उनके पास पहुंचती है। आशंका है कि इसी दौरान उसने ब्लेड या किसी धारदार वस्तु से थैला काटकर रुपये निकाल लिये और फरार हो गई। थाना प्रभारी हरिराम मानकर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध महिलायें दिखाई दी हैं। वही एसडीओपी अरुण उईके ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर दोनों संदिग्ध युवतियों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है।

# 2 साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** थाना सुरखी पुलिस ने न्यायालय से जारी स्थायी वारंट के मामले में करीब दो वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने मंगल घोषी पिता प्रभुदयाल घोषी 22 वर्ष निवासी ग्राम महुआखेड़ा थाना सुरखी जिला सागर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी को 6 अगस्त को सागर स्थित पैराडाइज होटल के पास से पकड़ा गया। वह न्यायालयीन प्रकरण क्र. 2310/2016 में विभिन्न धाराओं के तहत वांछित था और लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे विधिवत जेल भेजने के आदेश जारी किये गये। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक महेन्द्र सिंह भदौरिया, सुरेन्द्र सिंह, प्रशांत रावत, नरेन्द्र जादौन, कांति, विकास मिश्रा की भूमिका रही।

# पुलिस पर पथराव, गाड़ी में तोड़फोड़ करने वाले, 2 आरोपी गिरफ्तार, 3 की तलाश जारी



**सागर, देशबन्धु।** देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगपुर गंजन स्थित राजा बाबा जंगल में पुलिस टीम पर पथराव करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना के दौरान पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हुआ था और एक प्रधान आरक्षक घायल हो गया था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। मामले के तीन अन्य आरोपी अब भी फरार हैं। पुलिस के अनुसार रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के राजा बाबा जंगल में कीमती पत्थर और आभूषण मिलने की अफवाह फैल गई थी। इसके बाद आसपास के क्षेत्रों से हजारों लोग जंगल में खुदाई करने पहुंच गये। भीड़ बढ़ने की सूचना वन विभाग ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस जब लोगों को जंगल से हटाने और स्थिति नियंत्रित करने का प्रयास कर रही थी, तभी कुछ लोगों ने पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव में पुलिस वाहन के शीशे टूट गये, जबकि एक प्रधान आरक्षक घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद देवरी थाना पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों सहित अन्य लोगों के खिलाफ बलवा, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस ने जंगल और आसपास के गांवों में लगातार दबिश दी। बुधवार को कार्यवाही करते हुये पुलिस ने डब्बू ग्वालिया और गुड्डू ग्वालिया को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को थाने लाकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार इस मामले में नामजद आरोपी शब्बीर ग्वालिया, कल्लू और अन्नू ग्वालिया अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिये लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। देवरी थाना प्रभारी हरिराम मानकर ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं फरार आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द उन्हें भी गिरफ्तार करने का दावा किया है।

# बस ने मोटरसाइकिल सवार दंपती को टक्कर मारी, पति-पत्नी घायल

**खुरई, देशबन्धु।** देहात थाना क्षेत्र के तेवरा गांव के पास गुरुवार दोपहर एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से तत्काल खुरई सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुये बीएमसी रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान ग्राम गिरहनी निवासी किसान बिहारी अहिरवार 52 और उनकी पत्नी कुसुम अहिरवार 50 के रूप में हुई है। हादसे में बिहारी के पैर में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि उनकी पत्नी कुसुम के हाथ में फ्रैक्चर आया है। अस्पताल में भर्ती बिहारी अहिरवार ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ बाइक से अपने गांव गिरहनी से खुरई आ रहे थे। तेवरा गांव के पास वे सड़क के बाईं ओर अपनी लेन में चल रहे थे। इसी दौरान खुरई से झांसी की ओर जा रही एक तेज रफ्तार बस अचानक अपनी लेन छोड़कर उनकी ओर आ गई और सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही खुरई देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही शुरू की।

# नालों को अतिक्रमण मुक्त बनाने नगर निगम का अभियान शुरू



### अवैध निर्माण करने वालों पर होगी कार्रवाई

**सागर, देशबन्धु।** शहर में जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने और बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम ने नालों पर किये गये अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान शुरू किया है। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने पगारा रोड खुरई रोड सहित विभिन्न वार्डों का दौरा कर नालों की स्थिति, जल निकासी व्यवस्था और सफाई कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान पगारा रोड स्थित एसटीपी प्लांट पंपिंग स्टेशन के समीप बने नाले का निरीक्षण कर वर्षा जल निकासी की व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान नाले पर कुछ स्थानों पर पक्के निर्माण एवं अतिक्रमण की सूचना मिलने पर निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर के सभी नालों का निरीक्षण कर उनकी सीमाओं का निर्धारण किया जाये और जहां भी अवैध अतिक्रमण पाया जाये, वहां आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने निगम के सफाईकर्मियों, वार्ड प्रभारियों, दरोगाओं और इंजीनियर्स को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में नालों एवं शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न होने दें। सभी आठों जोनों में नालों पर किये गये अतिक्रमण को चिन्हित कर संबंधित लोगों को नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जाये।

# 14 वाहनों से 1.62 लाख रुपए जुर्माना वसूला, अधिकांश स्कूल बसें मिली नियमों के अनुरूप



**सागर, देशबन्धु।** परिवहन विभाग ने गुरुवार को ढाना क्षेत्र में स्कूली वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान 12 स्कूली एवं अन्य वाहनों की जांच की गई, जिसमें दस्तावेजों और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाये जाने पर एक स्कूल बस एवं एक विंगर वाहन को जब्त किया। जांच के दौरान स्कूल बस क्र. एपी 27 वाय 9781 आवश्यक दस्तावेजों के बिना स्कूली बच्चों का परिवहन करते हुये पाई गई, जबकि विंगर वाहन क्र. एमपी 15 पीए 0475 बिना फिटनेस, परमिट एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र के संचालित हो रहा था। दोनों वाहनों को नियमानुसार जब्त कर सुरक्षित रखा गया। परिवहन विभाग ने बताया कि लगातार की जा रही जांच का सकारात्मक असर दिखाई दे रहा है। अधिकांश स्कूल बसें निर्धारित नियमों के अनुरूप संचालित होती मिली, जिससे वाहन संचालकों में सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ने का संकेत मिलता है। पूर्व में जब्त किये गये 14 वाहनों जिनमें 6 मारुति ओमनी वैन, 2 पिकअप और 6 स्कूल बसें शामिल हैं पर मोटरयान अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत 1 लाख 62 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

# पति-पत्नी के विवाद में तीन वर्षीय मासूम की मौत, पिता हिरासत में

**बण्डा, देशबन्धु।** नगर के देवपुरा वार्ड में पति-पत्नी के बीच हुये विवाद के दौरान तीन वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने बच्चे के पिता को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पवन लोधी शराब पीने का आदी बताया जा रहा है और नशे की हालत में अक्सर पत्नी के साथ विवाद करता था। इस मामले में पहले भी थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही की थी। जानकारी के मुताबिक घटना वाली रात पवन लोधी शराब के नशे में पत्नी से विवाद कर रहा था। इसी दौरान उनका तीन वर्षीय पुत्र गौरव पास में सो रहा था। विवाद के दौरान पवन बच्चे के ऊपर गिर गया, जिससे उसके वजन और घुटने के दबाव के कारण मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। चोट लगने से बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे के पिता को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। एसडीओपी प्रदीप वाल्मीकि ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# 7 सूत्रीय मांगें पूरी होने पर मप्र बस एसोसिएशन ने वापस ली हड़ताल



**सागर, देशबन्धु।** मप्र बस एसोसिएशन ने आज 7 अगस्त की मध्यरात्रि 12 बजे से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन बस हड़ताल को स्थगित करने की घोषणा कर दी है। एसोसिएशन ने बताया कि उसकी 7 सूत्रीय मांगों का शासन द्वारा निराकरण किये जाने के बाद यह निर्णय लिया है। एसोसिएशन के महामंत्री जय कुमार जैन ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश के सभी 55 जिलों की बैठकों के बाद 7 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था। मांगों के समाधान के लिये पिछले पांच दिनों में परिवहन मंत्री से चार दौर की चर्चा हुई। अंततः गुरुवार 6 अगस्त की शाम सभी मांगों का समाधान हो गया। मप्र बस एसोसिएशन ने मांगों के निराकरण के लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री का आभार व्यक्त किया। साथ ही स्पष्ट किया है कि 7 अगस्त की रात्रि 12 बजे से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन बस हड़ताल स्थगित कर दी गई है। एसोसिएशन ने बताया कि प्रदेश में सभी बसों का संचालन पूर्व की भांति सामान्य रूप से जारी रहेगा।

# अधिकारियों ने खाद व मूंग खरीदी केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाएं देखी



**सागर, देशबन्धु।** जिले में किसानों को खाद वितरण एवं समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य सुचारु रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर एसडीएम एवं तहसीलदारों ने विभिन्न खाद केंद्रों और मूंग खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जैसीनगर स्थित मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के मंडी परिसर में संचालित खाद गोदाम का निरीक्षण करते हुये अधिकारियों ने उपलब्ध खाद के स्टॉक, भंडारण व्यवस्था एवं वितरण प्रणाली की समीक्षा की। निर्देश दिये कि किसानों को समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ खाद उपलब्ध कराया जाये, जिससे किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में गढ़ाकोटा तहसील के ग्राम रनगुवां स्थित मूंग खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्यायें सुनीं तथा प्राप्त शिकायतों की मौके पर जांच कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान खरीदी प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, गुणवत्ता परीक्षण, बारदाना उपलब्धता एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

# गणेश प्रसाद वर्णी की स्मृतियों को समर्पित युगदृष्टा स्मारिका का विमोचन



**सागर, देशबन्धु।** युगपुरुष गणेश प्रसाद वर्णी के जीवन, विचारों और समाजोत्थान के कार्यों पर आधारित युगदृष्टा स्मारिका का विमोचन वर्णी विकास सभा एवं जनकल्याण समिति सागर द्वारा देशभर में चातुर्मास कर रहे मुनि एवं आर्यिका संघों के मंगल सान्निध्य में विभिन्न स्थानों पर किया गया। इस अवसर पर वर्णी जी के शिक्षा, धर्म और समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये अतुलनीय योगदान को याद किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गणेश प्रसाद वर्णी ने शिक्षा को समाज उत्थान का प्रमुख माध्यम मानते हुये देशभर में 100 से अधिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री दिगंबर जैन संस्कृत महाविद्यालय, मोरा भी उनके शिक्षा अभियान की महत्वपूर्ण देन है। उनके द्वारा स्थापित संस्थानों से शिक्षा प्राप्त कर अनेक संत महात्माओं ने धर्म प्रभावना और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाया। सागर में आयोजित स्मारिका विमोचन कार्यक्रम आचार्य विभव सागर, निर्यापक मुनि अभय सागर, मुनि पदम सागर एवं मुनि शाश्वत सागर के मंगल सान्निध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने वर्णीजी के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। स्मारिका के संयोजन का दायित्व मुख्य संयोजक चंद्रेश शास्त्री भोपाल ने निभाया, जबकि प्रकाशन कार्य में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष त्रिलोक शास्त्री बड़ागांव बागपत का विशेष योगदान रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. जयंत जैन शास्त्री सीकर राजस्थान ने कहा कि युगदृष्टा स्मारिका वर्णीजी के शिक्षा एवं धर्म क्षेत्र में किये गये ऐतिहासिक कार्यों का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश जैन टीला द्वारा देशभर में चातुर्मासरत मुनि एवं आर्यिका संघों तक स्मारिका पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। मीडिया संयोजक मनीष विद्यार्थी ने बताया सागर के उद्योगपति कपिल मलैया एवं संतोष जैन घड़ी को स्मारिका भेंट की गई, जहां उन्होंने वर्णीजी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुये अपने प्रेरक संस्मरण साझा किये।

# शॉर्ट सर्किट से ऑटो पार्ट्स की दुकान में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख



**बण्डा/शाहगढ़, देशबन्धु।** शाहगढ़ क्षेत्र के बरायठा मुख्य बाजार में गुरुवार तड़के एक ऑटो पार्ट्स की दुकान में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी। जानकारी के अनुसार बरायठा निवासी पप्पन जैन की जैन मंदिर के सामने मुख्य बाजार में ऑटो पार्ट्स की दुकान है। गुरुवार रात करीब एक बजे गश्त पर निकली पुलिस टीम ने दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती देख तत्काल दुकानदार और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन, ग्रामीण और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह करीब सात बजे आग पर काबू पा लिया। हालांकि तब तक दुकान में रखा बड़ी मात्रा में ऑटो पार्ट्स और अन्य सामान पूरी तरह जल चुका था, जिससे व्यापारी को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। व्यापारी पप्पन जैन ने शासन से आर्थिक सहायता की मांग करते हुये कहा कि नुकसान के बाद कारोबार को दोबारा शुरू करने के लिये सहयोग की आवश्यकता है। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई और बाजार में कुछ समय के लिये चिंता का माहौल रहा। पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच के बाद ही अंतिम स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# बाघराज आवासीय कॉलोनी में स्थाई विद्युत कनेक्शन अभियान शुरू

## अस्थाई सप्लाई व्यवस्था बंद कर स्थाई कनेक्शन लेने की अपील



**सागर, देशबन्धु।** मप्र शासन के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी आवासीय कॉलोनियों में अस्थाई विद्युत कनेक्शन समाप्त कर स्थाई विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने बाघराज वार्ड स्थित आवासीय कॉलोनी का निरीक्षण किया और विद्युत विभाग एवं नगर निगम अमले की मौजूदगी में कॉलोनी में संचालित अस्थाई विद्युत सप्लाई व्यवस्था के कनेक्शन विच्छेद कराये। निगमायुक्त ने रहवासियों से अपील करते हुये कहा कि शासन की मंशा प्रत्येक भवन स्वामी को स्थाई और सुरक्षित विद्युत सुविधा उपलब्ध कराना है। सभी रहवासी अपना पुराना बकाया बिजली शुल्क नगर निगम में जमा कराकर विद्युत विभाग से नये स्थाई कनेक्शन प्राप्त करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। नगर निगम द्वारा बाघराज आवासीय कॉलोनी में रहवासियों की सुविधा को देखते हुये विद्युत आपूर्ति के लिये विद्युत विभाग से 100-100 किलोवॉट क्षमता के दो कनेक्शन लिये गये थे। इसके माध्यम से कॉलोनी के रहवासियों को सीधे बिजली उपलब्ध कराई जा रही थी। इसके लिये प्रत्येक अपार्टमेंट से मात्र 200 रुपये प्रतिमाह शुल्क निर्धारित किया गया था। विद्युत उपयोग निर्धारित सीमा से काफी अधिक होने के कारण नगर निगम पर प्रतिमाह लगभग 30 से 40 लाख रुपये का अतिरिक्त बिजली बिल भार आ रहा था। इसी को देखते हुये अस्थाई व्यवस्था समाप्त कर स्थाई कनेक्शन की प्रक्रिया शुरू की गई है। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त को रहवासियों द्वारा विद्युत सुविधा के अनाधिकृत उपयोग की शिकायतें भी प्राप्त हुईं। कुछ स्थानों पर घरेलू उपयोग के लिये विद्युत हीटर चलाने, इलेक्ट्रिक वाहनों की बड़े स्तर पर चार्जिंग करने तथा ई.रिक्शा चार्जिंग के माध्यम से व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने की जानकारी सामने आई। निगमायुक्त ने कहा कि रियायती दर पर उपलब्ध कराई गई विद्युत सुविधा का उपयोग केवल निर्धारित घरेलू आवश्यकताओं के लिये किया जाना था। अनाधिकृत एवं व्यावसायिक उपयोग से व्यवस्था पर अतिरिक्त भार पड़ता है, जिससे सभी उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि मप्र सरकार की सुगम विद्युत योजना के अंतर्गत बाघराज आवासीय कॉलोनी के रहवासियों के लिये स्थाई विद्युत कनेक्शन एवं आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की प्रक्रिया आसान बनाई गई है। रहवासी मप्र विद्युत वितरण कंपनी के पोर्टल अथवा विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

सागर, शुक्रवार, 7 अगस्त 2026
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## कॉकरोच अब किस दिशा में बढ़ेंगे

जंतर-मंतर पर पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन खत्म हो चुका है और धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा भी हो गया है। इस बीच प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की ज्यादती को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल की गई हैं, जिन पर सुनवाई चल रही है। इस तरह देखा जाए तो कॉकरोच जनता पार्टी ने मोदी सरकार के नुमाइंदों के साथ मिलकर जो समझौता किया था और महीने भर से ऊपर चला आंदोलन खत्म हुआ था, तो अब कॉकरोच जनता पार्टी किस दिशा में आगे बढ़ेगी। क्या वह किसी राजनैतिक दल में तब्दील होगी, या फिर शिक्षा व्यवस्था के जो अनसुलझे सवाल हैं, उन्हें उठाएगी, या उसकी भूमिका बस यहीं तक सीमित थी, ऐसे कई सवालों पर जवाब मिलने अब शुरु हो गए हैं।

बुधवार और गुरुवार दो दिनों तक कॉकरोच जनता पार्टी की बैठक चली और अब अभिजीत दिपके ने गुरुवार को अपने अगले कदम के बारे में बताया है। दिपके के मुताबिक सीजेपी अब देश भर में एक नयी मुहिम छेड़ रही है, जिसका नाम होगा 'क्या बोलती पब्लिक'। इस मुहिम की घोषणा करते हुए दिपके ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को समझना और उनके लिए काम करना होगा। बकौल, दिपके इस अभियान का सबसे पहला ध्यान शिक्षा क्षेत्र पर होगा, धीरे-धीरे इसे अन्य मुद्दों पर भी केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर सबसे पहले ध्यान इसलिए दिया गया है क्योंकि स्कूल, कॉलेज और कोचिंग की बढ़ती फीस की वजह से कई परिवार अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध नहीं करवा पाते। उन्होंने कहा, देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार हमारा पहला मुद्दा होगा। इस पर हमें काम करना है। हमारा मानना है कि देश में शिक्षा महंगी हो गई है। पहली कक्षा के लिए सालाना फीस 1 लाख रुपए से लेकर 2 लाख रुपए के बीच है। इसके अलावा कई जगह डोनेशन भी चलता है। दिपके ने सवाल उठाया कि देश में लोगों की आय इतनी कम है। आखिर वह कैसे अपने बच्चों को इतनी फीस देकर पढ़ा पाएंगे? कॉलेज और कोचिंगों की महंगी फीस कई परिवारों को कर्ज के जाल में फंसा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कॉकरोच पार्टी छात्रों के और तमाम परिवारों के इस आर्थिक बोझ को कम करना चाहती है। अभिजीत दिपके ने भीम राव अंबेडकर का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षा पर सभी का अधिकार है। शिक्षा को सभी के लिए उपलब्ध होना चाहिए। लेकिन आज के समय में शिक्षा केवल एक मुनाफे का धंधा बन चुकी है।

अभिजीत दिपके की ये बातें भारतीय राजनीति के लिए देजा वू पल समान लग रही हैं। फ्रेंच भाषा से लिए गए इस शब्द का अर्थ है पहले से देखा या महसूस किया हुआ। ज्यादा नहीं बस डेढ़ दशक पहले 26 नवंबर 2012 को आम आदमी पार्टी बनी थी। अरविंद केजरीवाल की बनाई यह पार्टी इंडिया अगेंस्ट करप्शन नाम के अभियान से ही निकली थी। आम आदमी पार्टी ने भी जनता पर पकड़ बनाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसे बुनियादी मुद्दों पर ही जोर दिया। और इसमें कोई संदेह नहीं कि जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो चाहे सरकारी स्कूल हों या मोहल्ला क्लिनिक की अवधारणा इनसे लाखों लोगों की जिंदगी में सहूलियत बढ़ी। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में बहुत हद तक आप सरकार ने सुधार किया था। फरवरी 2020 में जब ट्रंप भारत के दौरे पर थे, तो अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने एक सरकारी स्कूल का दौरा भी किया था।

आम आदमी पार्टी ने अपने गठन के वक्त यही दावा किया था कि वह राजनीति में बदलाव करेगी और मौजूदा चलन से हटकर काम करके दिखाएगी। लेकिन राजनैतिक मजबूरी कहें या महत्वाकांक्षा, आम आदमी पार्टी भी अब उसी रवैये पर चलती है जैसे बाकी राजनैतिक दल। भाजपा के विरोध में आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनना मंजूर किया और उसी कांग्रेस से हाथ मिलाया, जिसकी मुखालफत वो करती रही है। लेकिन अब उसे इस गठबंधन में सहजता महसूस नहीं हुई तो वह अलग भी हो गई है। भविष्य में आम आदमी पार्टी क्या अकेले ही रहेगी या फिर किसी गठबंधन का हिस्सा बनेगी यह कहना कठिन है।

ठीक ऐसे ही अब कॉकरोच जनता पार्टी का हाल भी दिख रहा है। 'क्या बोलती पब्लिक' में जिस पब्लिक पर जोर दिया जा रहा है, वह आम आदमी ही है। बेशक अभिजीत दिपके ने अभी कहा है कि वह राजनीतिक पार्टी नहीं बनेंगे। बल्कि स्थानीय स्तर पर सुधार करने के लिए एक 'प्रेशर ग्रुप' यानी दबाव बनाने वाले समूह की तरह काम करेंगे। और जनता के बीच जाकर जानेंगे कि लोग देश के मौजूदा हालात के बारे में क्या सोचते हैं और उन्हें किन मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन बिना राजनैतिक आधार के क्या वे केवल प्रेशर ग्रुप बनाकर उस लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे, जिसके लिए कॉकरोच जनता पार्टी बनी है। बेशक मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की टिप्पणी से आहत होकर उसके लिए दिए गए जवाबी तंज में कॉकरोच जनता पार्टी बनी है। लेकिन जंतर-मंतर पर पेपर लीक के विरोध में आंदोलन खड़ा करने में उसकी ही भूमिका रही है। बाद में वामदल के छात्र संगठन इस आंदोलन में शामिल हुए तो इसमें नए आयाम जुड़े और फिर लगभग विपक्ष के हर दल के नेता ने जंतर-मंतर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह आंदोलन सीजेपी तक शामिल नहीं रहा, लेकिन यह भी सच है कि आंदोलनकारियों की तरफ से सरकार से समझौता सीजेपी ने ही किया। ऐसे हालात में भले ही अभी सीजेपी राजनैतिक दल में तब्दील नहीं होगी। लेकिन वो उन्हीं मुद्दों को उठाने की बात कर रही है, जिनके समाधान लोकतांत्रिक राजनीति का हिस्सा बनकर ही तलाशा जा सकता है। अब सीजेपी क्या विपक्षी मोर्चे का अघोषित हिस्सा बनकर काम करेगी, क्या शिक्षा, बेरोजगारी, पेट्रोल में एथेनॉल की मिलावट जैसे मुद्दों के अलावा वह अपनी विचारधारा स्पष्टता के साथ जनता के सामने रख पाएगी, या वाकई सामाजिक आंदोलन की तरह ही काम करेगी और पूरी तरह राजनीति से अलग रहेगी, इन सारे सवालों के जवाब निकट भविष्य में मिल जाएंगे, ऐसी उम्मीद है।

# भारत में बढ़ती असमानता और सिकुड़ते अवसर

■ राजेश पांडेय

भारत को हमेशा चमकीली संभावनाओं का देश माना जाता है। पुराने दौर में उसके लिए सोने की चिड़िया विशेषण का इस्तेमाल होता था। उसमें दुनिया की बड़ी ताकत के बतौर उभरने की क्षमता रही है। लेकिन वर्तमान स्थिति खोए हुए अवसरों की अनंत कथा के रूप में तब्दील हो गई है। पिछले कुछ वर्षों से देश में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ी है। राजनीतिक सत्ता के समान संपत्ति और साधन चंद लोगों के हाथों में सिमट गए हैं। नीतियों और प्राथमिकताओं में कुछ अमीरों को ज्यादा अहमियत मिल रही है। विश्व बैंक के आंकड़े और कई विशेषज्ञों के निष्कर्ष हालात की सही तस्वीर पेश करते हैं। जानकारी छिपाने और तोड़-मरोड़कर तथ्य पेश करने में माहिर सरकार भी कई बार सच बता देती है।

भारत ने आजादी के बाद मिश्रित अर्थव्यवस्था का मॉडल अपनाया था। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार का झुकाव समाजवाद और पूर्व सोवियत संघ की व्यवस्था की तरफ था। सरकार ने कई उद्योगों की बुनियाद रखी और बड़े बांध बनाए। विशुद्ध पूंजीवाद के पैरोकार कई अर्थशास्त्री देश की अपेक्षाकृत धीमी विकास दर के लिए इस मॉडल को जिम्मेदार मानते हैं। खासतौर से 2014 के बाद तो देश की तमाम समस्याओं का ठीकरा नेहरू के कार्यकाल पर फोड़ने का सिलसिला चल पड़ा है। बहरहाल, पं. नेहरू के दौर में बने एक विराट सार्वजनिक क्षेत्र ने बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा किए। कुछ नए शहर अस्तित्व में आए, अर्थव्यवस्था को सहारा मिला और अवसरों में आम लोगों की हिस्सेदारी बढ़ी थी। एक बेहद पिछड़े देश ने विकास की दौड़ में बड़े देशों से होड़ करने का सपना देखा था।

विकास के नेहरूवादी मॉडल में आगे जाकर कई सरकारों ने बदलाव किए हैं। लेकिन आर्थिक गैरबराबरी नए शिखर स्पर्श कर रही है। यहां हम आय, संपत्ति, उत्पादन के तुलनात्मक आंकड़ों से विकास की वास्तविक स्थिति का काफी हद तक मूल्यांकन कर सकते हैं। पेरिस इकानॉमिक्स स्कूल की विश्व असमानता रिपोर्ट 2026 के मुताबिक भारत में कुछ लोगों के हाथ में संपत्ति और आय के जमा होने का स्तर चरम पर पहुंच गया है। वह दुनिया के सबसे ज्यादा असमान देशों की श्रेणी में आता है। राष्ट्रीय आय के 58 प्रतिशत हिस्से पर टॉप दस प्रतिशत लोगों का कब्जा है। दूसरी ओर सबसे निचली सीढ़ी पर बैठे 50 प्रतिशत लोगों के हिस्से में सिर्फ 15 प्रतिशत आमदनी आई है। कुल राष्ट्रीय आय के 40 प्रतिशत के मालिक एक फीसदी लोग हैं। विश्व बैंक की जुलाई 2026 में जारी एक रिपोर्ट में भारत को निम्न मध्यम आय की अर्थव्यवस्था बताया गया है। यह दर्जा 2009 से चल रहा है। मतलब पिछले 15-16 वर्षों से स्थिति लगभग यथावत है।

भारत के महाशक्ति बनने की संभावनाएं वर्षों से जताई जा रही हैं। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद तो विश्व गुरु, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था सहित कई दावे जोर-शोर से किए जा रहे हैं। लेकिन इन दावों पर संदेह बढ़ा है। इंडियन एक्सप्रेस में अभी हाल प्रकाशित सी राजामोहन के लेख में दो विशेषज्ञों के हवाले से कहा गया है कि भारत में बड़ी ताकत बनने की कई खूबियां हैं पर इतनी नहीं कि वह दुनिया की व्यवस्था को आकार दे सके। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के इतिहासकार ब्रेंडन सिम्स ने अपनी नई किताब- द रिटर्न ऑफ ग्रेट पावर्स में भारत को फ्रांस, जर्मनी और जापान के साथ महाशक्ति बनने की कगार पर खड़े देशों की सूची में रखा है। वे लिखते हैं यदि अगले दशक में भारत का कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ब्रिटेन, जापान और जर्मनी से अधिक हो जाता है तब भी वह अमेरिका और चीन से बहुत पीछे तीसरे स्थान पर रहेगा। फॉरेन अफेयर्स पत्रिका में एक लेख में टफ्ट्स यूनिवर्सिटी के माइकेल बेकले की दलील है, विश्व राजनीति में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका तो बनी रहेगी लेकिन अपनी कई घरेलू कमजोरियों के कारण उसके वास्तविक महाशक्ति बनने की संभावना नहीं है।

> भारत की आबादी में युवाओं की संख्या 29 से 30 फीसदी के बीच होने का अनुमान है। चीन सहित कई देशों की तरक्की के पीछे युवाओं की अहम भूमिका रही है। अब बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से ऐसे देशों में काम करने वाली आबादी का प्रतिशत घटा है। उनकी अर्थव्यवस्था में गिरावट का एक कारण यह भी है। इस दृष्टि से भारत की बहुत अनुकूल स्थिति है।

ये घरेलू कमजोरियों कौन सी हैं? 2014 के बाद धार्मिक ध्रुवीकरण बढ़ा है, सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई ने राजनीतिक दलों के साथ औद्योगिक, व्यावसायिक हलकों में डर पैदा किया है। उद्योगपति निवेश करने में हिचकिचा रहे हैं। केंद्र सरकार के मंत्री कभी चेतावनी तो कभी सवाल पूछने के अंदाज में कहते हैं, समझ में नहीं आता है उद्योगपति निवेश करने से पीछे क्यों हट रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में प्राइवेट सेक्टर का निवेश जीडीपी के 11 प्रतिशत पर आ गया है। वहीं मनमोहन सिंह के कार्यकाल में यह 14 प्रतिशत था। यह स्थिति उस वक्त है जब मोदी सरकार ने कॉरपोरेट टैक्स की दर 2019 में 30प्रतिशत से घटाकर 22प्रतिशत कर दी।

अब उद्योगपति सरकार के फैसलों, उसकी नीतियों पर सवाल उठाने की बजाय उसकी तारीफ करने में लगे रहते हैं। हर बजट का जमकर स्वागत होता है। कुछ साल पहले तक उद्योगपति राहुल बजाज सरकार के खिलाफ खुलकर बोलते थे। फरवरी 2022 में उनके निधन के बाद उद्योग क्षेत्र से ऐसी कोई असरदार आवाज सामने नहीं आई है। कॉरपोरेट सेक्टर जोखिम भी नहीं उठा रहा है। उसका ध्यान किराए, ब्याज, शेयर बाजार के लाभांश और वायदा बाजार जैसी रेंटियर गतिविधियों पर ज्यादा है। 2012-13 से 2023-24 के आयकर रिटर्न के आंकड़ों का विश्लेषण बताता है, व्यावसायिक गतिविधियों से कंपनियों की कुल कर योग्य आय 57.3प्रतिशत से गिरकर 54.3प्रतिशत पर आ पहुंची थी।

न्यूयॉर्क के थिंक टैंक रोडियम ग्रुप और ऑस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट का निष्कर्ष है, मैन्युफैक्चरिंग में भारत आगे नहीं बढ़ सका है। चीन की अर्थव्यवस्था में गिरावट और अमेरिका से व्यापार युद्ध ने दूसरे देशों के लिए आर्थिक फायदा उठाने के मौके बनाए हैं। लेकिन भारत के मुकाबले इस स्थिति को वियतनाम, दक्षिण कोरिया, मेक्सिको जैसे देशों ने ज्यादा भुनाया है। पश्चिमी देशों की कई कंपनियों ने अपनी मैन्युफैक्चरिंग चीन से हटाकर इन देशों में स्थानांतरित कर दी है।

निजी क्षेत्र के निवेश में गिरावट के बीच कुछ अमीरों की संपत्ति तेज रफ्तार से बढ़ रही है। दो उद्योगपतियों मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के बीच आगे निकलने की जबर्दस्त होड़ है। फोर्ब्स की सूची के अनुसार 2026 के मध्य में 8.84 लाख करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ अडानी भारत के सबसे अमीर शख्स थे। 2021 में उनकी संपत्ति 7.12 लाख करोड़ रुपए थी। उन्होंने पांच साल से कम समय में अपनी संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपए का इजाफा कर लिया है। अडानी ने भारतीय अमीरों के सिंहासन पर लंबे समय से आसीन मुकेश अंबानी को पीछे हटा दिया है। 2021 में अंबानी की संपत्ति लगभग 8.84 लाख करोड़ रुपए थी। यह 2026 में घटकर 8.65 लाख करोड़ रुपए पर आ गई।

असमानता की एक और तस्वीर इन आंकड़ों में देखिए। बीते कुछ वर्षों में कुछ भारतीयों की आय और संपत्ति में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। अभी हाल में वित्त मंत्रालय ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि 100 करोड़ रुपए या उससे अधिक आय वाले लोगों की संख्या 2021-22 के 142 से बढ़कर 2025-26 में 576 हो गई थी। एक अरब 40 करोड़ की आबादी में यह संख्या मुट्ठी भर कही जाएगी। दूसरी और बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जिन्हें अच्छा जीवन बिताने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। लेबर फोर्स सर्वे के अनुसार 2025 में नियमित कर्मचारियों का औसत सालाना वेतन 2.7 लाख रुपए (22 हजार 699 रुपए मासिक) था। वहीं आकस्मिक कामगार का औसत दैनिक वेतन सिर्फ 453 रुपए रहा।

पिछले माह जंतर-मंतर और कुछ राज्यों में युवाओं के आंदोलन का मुख्य कारण सिर्फ प्रश्नपत्रों का लीक होना नहीं है। उसने बढ़ती बेरोजगारी और सिकुड़ते अवसरों के खिलाफ अपनी चिंता, आक्रोश और असंतोष जताया है। हर साल गिनी-चुनी सरकारी नौकरियों में आवेदन करने वालों की संख्या लाखों में रहती है। अधिकतर युवाओं को उनकी योग्यता और क्षमता के हिसाब से रोजगार नहीं मिल रहे हैं। इसलिए वे मजबूरी में सामान की सप्लाई करने वाले रोजगार से काम चला रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में खाना और अन्य सामान की डिलीवरी करने वाली कंपनियों में रोजगार कई गुना बढ़ा है। शहरों में लोगों के दरवाजों पर गर्मागर्म खाना और सामान की डिलीवरी करने वाले लोगों में ज्यादातर युवा ही होते हैं।

भारत की आबादी में युवाओं की संख्या 29 से 30 फीसदी के बीच होने का अनुमान है। चीन सहित कई देशों की तरक्की के पीछे युवाओं की अहम भूमिका रही है। अब बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से ऐसे देशों में काम करने वाली आबादी का प्रतिशत घटा है। उनकी अर्थव्यवस्था में गिरावट का एक कारण यह भी है। इस दृष्टि से भारत की बहुत अनुकूल स्थिति है। उसके सामने युवा आबादी से लाभ उठाने का मौका है। ऐसा सुनहरा अवसर एक शताब्दी में एक-दो बार ही मिलता है। इस बार चूके तो हम विकसित भारत का सपना साकार होते नहीं देख पाएंगे। अनंत संभावनाओं के बावजूद अमेरिका और चीन जैसे देशों के पीछे चलते रहेंगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन : भारत की हरित क्रांति के जनक

भारत रत्न डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन को भारत में 'हरित क्रांति के जनक' के रूप में याद किया जाता है। कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनके दूरदर्शी एवं क्रांतिकारी योगदान ने भारत को खाद्यान्न संकट से उबारकर विश्व के सबसे बड़े अनाज उत्पादक देशों में शामिल कर दिया। वैज्ञानिक कार्यपद्धति, अभिनव प्रयोग, प्रभावी नीतिगत हस्तक्षेप तथा किसानों के साथ जमीनी स्तर पर जुड़ाव के माध्यम से उन्होंने भारतीय कृषि की दिशा और दशा दोनों बदल दी।

7 अगस्त 1925 को तमिलनाडु में जन्मे डॉ. स्वामीनाथन ने अपना सम्पूर्ण जीवन खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा टिकाऊ (सस्टेनेबल) कृषि को बढ़ावा देने के लिए समर्पित किया। 1960 के दशक में जब भारत बार-बार अकाल, खाद्यान्न संकट और आयात पर निर्भरता जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा था, तब डॉ. स्वामीनाथन ने अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नेतृत्व से देश की कृषि व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया।

**डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन की कृषि विरासत के प्रमुख स्तंभ**

***1. उच्च उपज देने वाली किस्में:***- डॉ. स्वामीनाथन का सबसे महत्वपूर्ण योगदान भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप उच्च उपज देने वाली गेहूं एवं धान की किस्मों का विकास और प्रसार था। उन्होंने नोबेल पुरस्कार विजेता नॉर्मन बोरलॉग सहित अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के साथ मिलकर मेक्सिको की कम ऊंचाई वाले गेहूं की किस्मों को भारत में लाने और उन्हें भारतीय किस्मों के साथ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन नई किस्मों ने भारत की जलवायु एवं कृषि परिस्थितियों में बेहतरीन परिणाम दिए। इस हरित क्रांति की शुरुआत पंजाब और हरियाणा से हुई और शीघ्र ही पूरे देश में फैल गई।



प्रदीप पाटिल

> जैविक खेती, सूक्ष्म सिंचाई( ड्रिप एवं स्प्रिंकलर ), मृदा परीक्षण तथा जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना तथा एवरग्रीन रिवोल्यूशन की अवधारणा को व्यवहार में उतारने के लिए किसानों को जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाना भी जरूरी है। सभी राज्यों एवं प्रमुख फसलों में न्यूनतम समर्थन मूल्य का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो।

***2. आधुनिक कृषि अनुसंधान प्रणाली का निर्माण***

डॉ. स्वामीनाथन ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) को एक सशक्त एवं गतिशील संस्था के रूप में विकसित किया, जिसने कालांतर में वैज्ञानिकों, किसानों और नीति-निर्माताओं के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में कृषि अनुसंधान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित न रहकर किसानों की वास्तविक समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो गया।

***3. टिकाऊ (सस्टेनेबल) कृषि के प्रबल समर्थक***

डॉ. स्वामीनाथन अपने समय से बहुत आगे की सोच रखने वाले वैज्ञानिक थे। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग तथा भूजल के अंधाधुंध दोहन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति समय रहते चेताया। उन्होंने 'सदाबहार क्रांति' (एवरग्रीन रिवोल्यूशन) की अवधारणा प्रस्तुत की, जिसका उद्देश्य पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए कृषि उत्पादन में वृद्धि करना था। डॉ. स्वामीनाथन ने जैविक खेती, जल संरक्षण तथा फसल विविधीकरण को विशेष महत्व दिया।

***4. छोटे एवं सीमांत किसानों के अधिकार तथा बीज-संप्रभुता***

डॉ. स्वामीनाथन ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि आधुनिक विज्ञान का लाभ छोटे एवं सीमांत किसानों तक भी पहुंचे। उन्होंने किसानों के बीजों को सुरक्षित रखने, उपयोग करने और साझा करने के अधिकारों का पुरजोर समर्थन किया। उनके प्रयासों से पौधा-किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001 अस्तित्व में आया, जिसे अभिनव प्रयोग और परंपरा के संतुलन का वैश्विक उदाहरण माना जाता है।

***5. संवेदनशील एवं तथ्य-आधारित कृषि नीति के समर्थक***

राष्ट्रीय किसान आयोग के अध्यक्ष के रूप में वर्ष 2006 में प्रस्तुत उनकी रिपोर्ट में अनुशंसा की गई कि फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) उत्पादन लागत से कम-से-कम 50 प्रतिशत अधिक होना चाहिए। किसानों को उचित मूल्य, ग्रामीण आधारभूत संरचना तथा संस्थागत ऋण उपलब्ध कराने का उनका दृष्टिकोण आज भी भारत की कृषि नीति का महत्वपूर्ण आधार बना हुआ है।

भावी दिशा- आज भारत जलवायु परिवर्तन, बाजार की अनिश्चितता तथा जल संकट जैसी नई चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में डॉ. स्वामीनाथन की सोच हमें आगे बढ़ने का स्पष्ट मार्ग दिखाती है। इसके लिए आईसीएआर जैसी संस्थाओं का आधुनिकीकरण तथा कृषि विस्तार सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया जाना जरूरी है ताकि प्रत्येक किसान नवीनतम अनुसंधान, तकनीक एवं कृषि सलाह से जुड़ सके। इसी प्रकार मोबाइल ऐप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा डिजिटल कियोस्क जैसी आधुनिक और नवोन्मेषपूर्ण तकनीकों का व्यापक उपयोग लाभप्रद होगा।

जैविक खेती, सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप एवं स्प्रिंकलर), मृदा परीक्षण तथा जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना तथा एवरग्रीन रिवोल्यूशन की अवधारणा को व्यवहार में उतारने के लिए किसानों को जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाना भी जरूरी है। सभी राज्यों एवं प्रमुख फसलों में न्यूनतम समर्थन मूल्य का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। छोटे, सीमांत, बटाईदार, महिला एवं जनजातीय किसानों के लिए संस्थागत ऋण, फसल बीमा तथा बेहतर बाजार सुविधाओं तक पहुंच आसान बनाई जाए।

उनकी अन्य सिफारिशों जैसे ग्रामीण आधारभूत संरचना में निवेश तथा वर्षा आधारित कृषि के विकास हेतु राष्ट्रीय वर्षा आधारित क्षेत्र प्राधिकरण को लागू करना भी भारत की कृषि व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान कर सकता है।

डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन का बड़प्पन उनके समग्र दृष्टिकोण में निहित है। उन्होंने आनुवंशिकी को नैतिकता से, उत्पादकता को पर्यावरण संरक्षण से तथा विज्ञान को मानवीय संवेदनाओं से जोड़ा। उनका विश्वास था कि कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र की गरिमा, आत्मनिर्भरता और समृद्धि का आधार है। आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है, तब डॉ. स्वामीनाथन के विचार और उनकी दूरदर्शिता पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं।



## ललित सुरजन की कलम से

### दफा 499 और 500

*वर्तमान समय के अधिकतर नेताओं का पढ़ने-लिखने से कोई वास्ता नहीं है। ऐसे में उनके पास अगर अपनी बात कहने के लिए सही शब्दों का अभाव है तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। दूसरे- किसी नेता का उसे सुनने आई भीड़ को देखकर प्रफुल्लित हो जाना स्वाभाविक है, लेकिन उससे कहीं अधिक वे टेलीविजन के कैमरों को देखकर पहले नकली आवेश में और फिर उसी रौ में बहते हुए अपने असली रूप याने एक कुपढ़ और बददिमाग व्यक्ति के रूप में सामने आ जाते हैं। उन्हें लगता है कि अपने विरोधियों को जितना अधिक गरियाएंगे उनकी लोकप्रियता और वोटों में उतना ही इजाफा होगा। वे भूल जाते हैं कि आपका विरोधी ही आपके भाषणों का रिकार्डिंग करवा रहा है। तीसरे- नेताओं का अहंकार सिर पर चढ़कर बोलता है। इस दृष्टि से सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का पालन करने की नसीहत दी है तथा व्यक्ति की मानहानि को अपराध की श्रेणी में रखा है तो वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए शायद उचित ही हुआ है।*

**(देशबन्धु में 19 मई 2016 को प्रकाशित)**

**https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/05/499-500.html**

## प्रकाश पर्व

### आठवें नानक हरिकृष्ण राय

हरिकृष्ण राय जी का इस धरा पर आगमन सातवें नानक हरि राय साहिब के गृहग्राम में 7 जुलाई को 1656 में हुआ था। उनकी माता का नाम कृष्ण कौर था। आप 6 अक्टूबर 1661 को गुरुगद्दी पर विराजमान हुए तब इनकी आयु मात्र सवा पांच साल की थी। इस तरह गुरु घर में छोटी उम्र हो बड़ी कोई मायने नहीं रखती। जहां तीसरे नानक गुरु अमरदास जी 73 वर्ष की आयु में गुरु गद्दी पर विराजमान हुए वहीं आठवें नानक मात्र मात्र पांच वर्ष की उम्र में गुरु गद्दी पर बैठे। क्योंकि शरीर तो बदलता रहा पर ज्योति वही दूसरे शरीर में प्रवेश करती रही-

जोत उही जगति उही, सा काया फेर पलटिये।

आप सातवें नानक हरि राय साहिब के छोटे सुपुत्र थे। उनके बड़े बेटे भाई राम राय जी थे जिन्हें बादशाह औरंगजेब के दिल्ली बुलाने पर यह कहकर गुरु पिता ने भेजा था कि गुरु घर की मर्यादा के अनुसार ही बादशाह के प्रश्नों का उत्तर देना और कोई करामात नहीं दिखाना। गुरु राम राय जी ने औरंगजेब के सभी प्रश्नों के जवाब गुरुघर के मर्यादा के अनुसार दिये लेकिन गुरुग्रंथ साहिब की गुरुवाणी की एक लाइन का जवाब बादशाह के बहकावे में आकर गलत जवाब दे दिया। गुरुवाणी के अनुसार लाईन थी- मिट्टी मुसलमान की पेड़े कुमिहार की पई के स्थान पर मिट्टी मुसलमान बेईमान की कहकर गुरुवाणी को तोड़-मरोड़कर पेश कर दिया। इससे बादशाह तो बहुत खुश हुए। उन्हें ईनाम के तौर पर दून की कुछ रियासतें जागीर के तौर पर दे दी। इस बात का पता लगा तो गुरुदेव हरिराय जी ने संदेशा भिजवा कि गुरुवाणी को तोड़-मरोड़ करने वाला अब गुरु घर में कभी नहीं आए और इस तरह गुरु गद्दी अपने छोटे बेटे हरिकृष्ण को सौंप दी।

पदासीन होने के बाद आप को भी बादशाह औरंगजेब ने दिल्ली बुलवाया पर पिता की आज्ञा का पालन करते हुए आपने दिल्ली जाकर नहीं मलेछ को दर्सन देहे के मुताबिक आपने दिल्ली जाने से इंकार कर दिया। बाद में राजा जयसिंह के घर साध संगत की आज्ञा अनुसार दिल्ली चल पड़े। रास्ते में पंखाजोर नामक गांव में एक लालचन्द्र नामक अहंकारी पंडित आपके पास आया और कहा कि आपको याद होगा कि गीता में श्रीकृष्णजी ने गीता उच्चारण की थी आप हरिकृष्ण हैं तो उसका अर्थ ही बता दीजिए। तब उसके अहंकार को तोड़ने के लिए आपने कहा कि आप गांव से किसी को भी ले आइये मैं उसका अर्थ उसके मुख से ही छड़ी रखकर दूंगा तो सब बता देगा। तब लालचंद्र ने एक गूंगे और बहरे छज्जू नामक युवक को ले आया। गुरुदेव ने उस गूंगे के सिर पर छड़ी रख दी और कहा कि लालचंद्रजी जिस जिस श्लोक का अर्थ पूछें आप उसका उत्तर देते जाइए इस तरह सारे श्लोकों का अर्थ बताते गया। उस दिन से ही वह गूंगा बोलने और सुनने लगा।

दिल्ली में आपके रहते ही चेचक की महामारी फैल गई तब आपने उसी बंगले में जहां आपने निवास किया था वहीं एक बावली का निर्माण कराया और कहा जो भी इस जल से स्नान करेगा उसका दुख-तकलीफ दूर हो जाएगा- हरि हरि नाम दिओ दारु तिनि सगला रोग बिदारू।

वहीं सेवा करते हुए आप खुद भी चेचक के शिकार हो गए तब अपना अंतिम समय निकट जान गुरुघर की परंपरा के अनुसार पांच पैसे और एक नारियल रखकर शीश निवाते हुए कहा-बाबा बकाले और इस तरह गुरुतेग बहादुर नौंवे नानक के रूप में पदासीन हुए। आपका अंतिम संस्कार जमुना किनारे किया गया जहां आज गुरुद्वारा बाला साहिब और जिस बंगले में आपने निवास किया वहां गुरुद्वारा बंगला साहिब सुशोभित है।

इस तरह आप केवल तीन साल ही गुरुगद्दी पर रहे। इन तीन सालों में बहुत बड़े-बड़े कार्य किये। दशम गुरु ने फरमाया कि-

हरि कृष्ण धिआइये जिस डिठियां सब दुख जाये।

आज आपका प्रकाश पर्व है आपके बताए हुए रास्ते पर चलते हुए आपके आदर्शों के अनुसार ही अपना जीवन मानव सेवा की भलाई में ही व्यतीत करें।

**-इंदरसिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### सुविधा नहीं गरीब के जीवन का आधार है राशन व्यवस्था

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। विकास, डिजिटलीकरण और कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा देशभर में होती है, लेकिन क्या यह योजनाएं देश के ग्रामीण क्षेत्रों में एक समान रूप से सभी को लाभान्वित करती हैं? इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। जबकि हकीकत यह है कि आज भी बिहार जैसे राज्यों के कई ऐसे ग्रामीण इलाके हैं, जहां हज़ारों गरीब परिवारों को राशन जैसी सुविधा समय पर नहीं मिल पाती है।

जिन घरों की आय इतनी कम है कि रोज़ कमा कर लाने से रोज़ का खाना बनता है, उनके लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। जब राशन समय पर नहीं मिलता, कम मात्रा में मिलता है या बिना किसी स्पष्ट कारण के राशन कार्ड से किसी सदस्य का नाम काट दिया जाता है, तब इसका सबसे बड़ा असर उन परिवारों पर पड़ता है जिनके लिए दो वक्त का भरपेट भोजन जुटाना भी किसी चुनौती से कम नहीं है।

बिहार के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार रहते हैं जो गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करते हैं। खेतिहर मजदूर, दिहाड़ी श्रमिक, भूमिहीन किसान और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोग अक्सर अनिश्चित आय पर निर्भर रहते हैं।

बरसात, बाढ़, सूखा या बीमारी जैसे हालात उनकी कमाई को और प्रभावित कर देते हैं। ऐसे समय में सरकारी राशन ही उनके घर का चूल्हा जलाए रखने का सबसे भरोसेमंद सहारा बनता है। यदि किसी महीने राशन मिलने में देरी हो जाए, तो परिवार को भूखे पेट सोने की नौबत तक आ जाती है।

एक आंकड़े के अनुसार बिहार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लगभग 8.7 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। राज्य सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अनुसार, लगभग 2 करोड़ से अधिक राशन कार्ड राज्य में सक्रिय हैं, जिनके माध्यम से पात्र परिवारों को हर महीने प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम खाद्यान्न (चावल और गेहूं) अत्यंत रियायती दरों पर उपलब्ध कराया जाता है। वहीं अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के अंतर्गत आने वाले अत्यंत गरीब परिवारों को प्रति परिवार 35 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाता है। यही व्यवस्था लाखों परिवारों के लिए खाद्य सुरक्षा की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।

राशन कार्ड का महत्व केवल अनाज प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। आज यह अनेक सरकारी योजनाओं तक पहुंच का महत्वपूर्ण दस्तावेज़ बन चुका है। पात्र परिवारों को राशन मिलने के साथ-साथ कई मामलों में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ भी मिलता है। इसके अतिरिक्त कई सरकारी योजनाओं में पात्रता निर्धारित करने, पहचान प्रमाण के रूप में उपयोग करने तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने में भी राशन कार्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**श्रुति कुमारी, मुजफ्फरपुर बिहार**

डॉ. मोहन यादव का महत्वाकांक्षी जन-विश्वास अभियान

# आज से हर शुक्रवार फील्ड में उतरेगा पूरा प्रशासन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जनोन्मुखी पहल के तहत जन-विश्वास अभियान का शुभारंभ 7 अगस्त से होगा। अभियान के तहत हर शुक्रवार मंत्रालय से लेकर जिले तक के अधिकारी दफ्तर छोड़कर फील्ड में पहुंचेंगे और जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और शिकायतों का समाधान करेंगे। अभियान के चार प्रमुख स्तंभ संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी होंगे।

अभियान के दौरान शुक्रवार को अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर किसी भी स्तर पर बैठक आयोजित नहीं होगी। मुख्यमंत्री, मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार फील्ड में पहुंचेंगे। कलेक्टर एक सप्ताह पहले भ्रमण क्षेत्र चिन्हित कर जनप्रतिनिधियों को जानकारी देंगे।

भ्रमण से पहले संबंधित क्षेत्र की सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर शत-प्रतिशत निराकरण का प्रयास किया जाएगा। मौके पर प्राप्त नए आवेदनों का भी यथासंभव तत्काल समाधान होगा।

अभियान में जन-संवाद के साथ उद्योग संवाद भी होगा। एमएसएमई और कुटीर उद्योगों से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जाएगा। अविवादित नामांतरण, सीमांकन और बंटवारे के लंबित राजस्व प्रकरणों के साथ न्यायालयीन आदेशों के अमल से जुड़े मामलों का भी समाधान किया जाएगा।

किसानों के लिए फार्मर आईडी, खाद-बीज की उपलब्धता, आयुष्मान कार्ड और समग्र आईडी की ई-केवाईसी जैसे मामलों की समीक्षा होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र परिवारों, जल जीवन मिशन, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केंद्रों और स्कूल-कॉलेजों का निरीक्षण भी अभियान का हिस्सा रहेगा।

अधिकारी राशन दुकान, तहसील, मंडी, पुलिस थाना, लोक सेवा केंद्र, सड़क, तालाब और अन्य शासकीय परिसंपत्तियों की स्थिति भी जांचेंगे। कानून व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पहुंच की समीक्षा होगी। अभियान को सादगी और मितव्ययिता के साथ संचालित किया जाएगा।

## छिंदवाड़ा से आज करेंगे 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026' का शुभारंभ



**छिन्दवाडा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 अगस्त को छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समाधान कार्यक्रम में सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न जनशिकायतों एवं आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। कार्यक्रम की समस्त कार्यवाही सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जा रही है।

## बस किराये में भारी बढ़ोतरी जन विरोधी



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने राज्य सरकार द्वारा बसों के किराए में की गई भारी बढ़ोतरी का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने सरकार के इस फैसले को जनविरोधी कदम बताया है। श्री सिंह ने कहा कि सरकार ने निजी बस संचालकों के आगे घुटने टेक दिए हैं और करोड़ों नागरिकों, छात्रों, किसानों और मजदूरों के हितों को ताक पर रख दिया है। उन्होंने मांग की है कि परिवहन विभाग द्वारा जारी इस जनविरोधी आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। श्री सिंह ने एक बयान में कहा कि नए नियमों के तहत अब सामान्य बसों का मूल किराया सवा रुपये से बढ़ाकर सीधे 2 रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। इसके अलावा न्यूनतम किराया भी ७ रुपये से बढ़ाकर सीधे १० रुपये कर दिया गया है, जिससे गरीब जनता को सबसे बड़ा झटका लगा है। सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणियों की बसों में की गई यह मनमानी बढ़ोतरी मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर तोड़ देगी।

दतिया उपचुनाव में निभाई थी अहम भूमिका

# अवधेश नायक कांग्रेस प्रदेश महासचिव नियुक्त



**भोपाल, देशबन्धु।** दतिया विधानसभा उपचुनाव में अहम भूमिका निभाने वाले पार्टी नेता अवधेश नायक को प्रदेश कांग्रेस का महासचिव नियुक्त किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन के बाद उनके नियुक्ति आदेश जारी किए हैं।

उल्लेखनीय है कि दतिया उपचुनाव के समय अवधेश नायक का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में रहा था। उन्होंने मतदाताओं से सीधे जनसम्पर्क से लेकर सोशल मीडिया तक जमकर पार्टी के पक्ष में प्रचार किया था।

साल 2023 में पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा से मतभेदों के चलते नायक भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इसके बाद उन्हें कांग्रेस ने टिकट दिया था, लेकिन कुछ समय बाद ही कांग्रेस ने उनकी जगह राजेंद्र भारती को मैदान में उतार दिया था, जिन्होंने जीत हासिल की थी।

इस बार भी नायक कांग्रेस से टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे, लेकिन पार्टी ने उनकी जगह पूर्व विधायक घनश्याम सिंह को टिकट दे दिया। इसके बाद से उनकी नाराजगी की खबरें आ रही थीं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष नायक को मनाने के लिए उनके निवास पहुंचे थे। इसे बाद से वे पूरी तरह चुनाव प्रचार में जुट गए थे। चुनाव में घनश्याम सिंह ने 6016 वोटो से जीत हासिल की थी।

## सार-समाचार

### डॉ. कामले कांग्रेस के संपत्ति विभाग के अध्यक्ष नियुक्त



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस द्वारा संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत, कल प्रदेश कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों एवं विभागों की कार्यकारिणी को भंग किए जाने के बाद आज पुनर्गठन की शुरुआत करते हुए संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के परिसंपत्ति एवं संपत्ति विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा की गई है। इसी कड़ी में आगामी दिनों में प्रदेश कांग्रेस के सभी विभागों एवं प्रकोष्ठों की नई कार्यकारिणियों की भी चरणबद्ध घोषणा की जाएगी।

### एफएसएल भर्ती का अंतिम परिणाम जारी, 97 अभ्यर्थियों का चयन

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के अराजपत्रित सेवा (गृह/पुलिस) विभाग के अंतर्गत प्रयोगशाला तकनीशियन, प्रयोगशाला सहायक और प्रयोगशाला परिचारक के पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी हो गई है। अंतिम चयन परिणाम 5 अगस्त को एमपी ऑनलाइन पर जारी कर दिया गया। कुल 97 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया गया है।

शासन ने इन पदों पर भर्ती के लिए 13 जनवरी 2026 को स्वीकृति प्रदान की थी। इसके बाद 10 मार्च को भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया। भर्ती प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से संचालित करते हुए महज पांच माह में अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई।

चयन समिति द्वारा 14 और 15 जून को भोपाल के जहांगीराबाद स्थित शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय में तीन पालियों में लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा और निर्धारित चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 5 अगस्त को अंतिम परिणाम घोषित किया गया।

अंतिम चयन सूची के अनुसार प्रयोगशाला तकनीशियन के 19, प्रयोगशाला सहायक के 28 और प्रयोगशाला परिचारक के 50 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। अभ्यर्थी अपना परिणाम एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर देख सकते हैं।

चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन, चिकित्सीय परीक्षण और अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद नियमानुसार नियुक्ति दी जाएगी। अभ्यर्थियों को आगामी सूचना के लिए एमपी ऑनलाइन और मध्य प्रदेश पुलिस की अधिकृत सूचनाओं पर नजर रखने की सलाह दी गई है।

दूरदर्शन मध्य प्रदेश ने शुरू की बुंदेली समाचार सेवा

# बंदेुली भाषा में समाचार सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का प्रभावी माध्यम : डॉ. कुमार



**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा है कि बुंदेली जैसी समृद्ध लोकभाषा में समाचार प्रसारण क्षेत्र के लोगों को उनकी अपनी बोली में विश्वसनीय समाचार उपलब्ध कराने के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का प्रभावी माध्यम बनेगा। उन्होंने भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम को वीडियो संदेश द्वारा संबोधित करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं।

दूरदर्शन मध्य प्रदेश ने क्षेत्रीय बोलियों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पर आज समाचार एकांश बुंदेली समाचार का शुभारंभ किया गया। महानिदेशक, डीडी (न्यूज़) ममता वर्मा ने दूरदर्शन केंद्र, ने भोपाल में आयोजित समारोह में इस विशेष समाचार बुलेटिन की शुरुआत की गई। जिसमें अतिरिक्त महानिदेशक, डीडी न्यूज़ (पीबी-शब्द) ऋतु शुक्ला, निदेशक एवं क्षेत्रीय समाचार प्रमुख, डीडी न्यूज़ मध्य प्रदेश पूजा पी. वर्धन, वरिष्ठ बुंदेली साहित्यकार एवं पद्मश्री कैलाश मड़वैया सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

महानिदेशक, (न्यूज़) ममता वर्मा ने कहा कि सार्वजनिक प्रसारक के रूप में प्रसार भारती भारतीय भाषाओं, बोलियों तथा सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। अतिरिक्त महानिदेशक, डीडी न्यूज़ (पीबी-शब्द) ऋतु शुक्ला ने कहा कि क्षेत्रीय बोलियों में समाचार प्रसारण से दर्शकों की सहभागिता बढ़ेगी तथा उनके साथ विश्वास का संबंध और अधिक सुदृढ़ होगा। निदेशक एवं क्षेत्रीय समाचार प्रमुख, डीडी न्यूज़ मध्य प्रदेश पूजा पी. वर्धन ने कहा कि बुंदेली समाचार डीडी न्यूज़ मध्य प्रदेश का पहला बोली आधारित समाचार बुलेटिन है, जो प्रतिदिन दोपहर 12 बजे आधे घंटे (30 मिनट) प्रसारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह दूरदर्शन की भारत की समृद्ध भाषाई एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन की प्रतिबद्धता का एक ऐतिहासिक पड़ाव है। बुंदेली मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सबसे व्यापक रूप से बोली जाने वाली बोलियों में से एक है। लंबे समय से साहित्यकारों, कलाकारों, सांस्कृतिक संस्थाओं और आमजन द्वारा बुंदेली में समर्पित समाचार बुलेटिन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। बुंदेली समाचार के शुभारंभ के साथ यह लंबे समय से चली आ रही जन-आकांक्षा आज साकार हुई है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा जारी वीडियो पर भार्गव ने किया पलटवार, बोले-

# वीडियो को शेयर करने से पहले तथ्यों की जांच करें





**भोपाल, देशबन्धु।** कोपरा नदी को लेकर आए एक वीडियो पर प्रदेश की सियासत गर्म हो गई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने पलटवार करते हुए दावा किया है कि वीडियो की वास्तविक स्थिति अलग है और इसे बिना पूरे तथ्य जाने सार्वजनिक किया गया। भार्गव ने पटवारी को ये नसीहत भी दी कि किसी भी वीडियो शेयर करने से पहल वे तथ्यों की जांच करें। भार्गव ने कहा कि विपक्ष का काम सरकार से सवाल पूछना और जनता के मुद्दे उठाना है, लेकिन यह जिम्मेदारी तथ्यों के आधार पर निभाई जानी चाहिए।

दरअसल, एक वीडियो भार्गव के विधानसभा क्षेत्र में पुल निर्माण और छात्राओं के आवागमन को लेकर है। इस पर भार्गव ने कहा कि जिस स्थान का वीडियो साझा किया गया है, वहां पहले से पुल निर्माण का काम जारी है और प्रशासन की ओर से वैकल्पिक रास्ते भी उपलब्ध हैं। उनके मुताबिक केवल एक वीडियो के आधार पर पूरे क्षेत्र की स्थिति पर निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले नेताओं को किसी भी मुद्दे पर प्रतिक्रिया देने से पहले स्थानीय स्थिति और आधिकारिक जानकारी की पुष्टि करनी चाहिए।

भार्गव ने बताया कि लोक निर्माण मंत्री रहते हुए उन्होंने जून 2023 में सागर जिले के बेरखेरी कलां-छुल्ला मार्ग पर कोपरा नदी पर करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से 100 मीटर लंबे हाई लेवल पुल को मंजूरी दी थी। उनके अनुसार भूमि विवाद के कारण परियोजना कुछ समय तक प्रभावित रही, लेकिन अब मामला सुलझ चुका है और निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि पुराने पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कर गैप फिलिंग की गई है ताकि लोगों का आवागमन पूरी तरह बाधित न हो।

भार्गव ने अपने विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों का भी जिक्र किया। उनके अनुसार सुनार नदी पर 18 किलोमीटर के दायरे में 10 पुल बनाए गए हैं, जबकि ग्राम चौरई में एक परिवार की सुविधा के लिए भी लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण कराया गया। उन्होंने जीतू पटवारी को रहली विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर अटल सेतु, निर्माणाधीन झूला पुल और अन्य परियोजनाओं को देखने का निमंत्रण भी दिया।

# क्रोध को मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रुः केशव गिरी



**सागर, देशबन्धु।** उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया स्थित श्री राम दरबार मंदिर में पवित्र श्रावण मास के अवसर पर आयोजित शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस श्रद्धालुओं का विशाल जनसमूह उमड़ा। मंदिर के महंत केशव गिरी के मुखारविंद से कथा का वाचन किया गया। स्व. अनीता प्यासी की पुण्य स्मृति में आयोजित कथा के प्रथम दिवस केशव गिरी ने नास्ति क्रोधः समो रिपुः का उल्लेख करते हुये कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु क्रोध है। क्रोध व्यक्ति के विवेक को नष्ट कर देता है और सही निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करता है। क्रोध एक प्रचंड आंधी के समान है, जिसमें व्यक्ति दूसरों की उचित बातों को भी सुनने और समझने की क्षमता खो देता है। ऐसी स्थिति में बाहरी सहायता भी प्रभावी नहीं हो पाती, इसलिये मनुष्य को अपने भीतर विवेक, विचार और चिंतन का संचय पहले से करना चाहिये, ताकि क्रोध के समय वह आत्मसंयम के माध्यम से सही मार्ग पर बना रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं को जीवन में संयम, धैर्य और सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश देते हुये कहा कि मनुष्य को अपने व्यवहार में विनम्रता और क्षमाभाव को स्थान देना चाहिये। कथा के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में राहुल पांडे, अर्पित शुक्ला,हरगोविंद शुक्ला, ज्योति तिवारी, सीता पांडे, रमाकांत पांडेय, आयुष प्यासी, गरिमा प्यासी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# जीव दया की अनूठी मिसालः बंसल परिवार बेसहारा बछिया को अपने घर लाए



**बांदरी, देशबन्धु।** क्षेत्र में मानवता और जीव दया की एक प्रेरणादायी मिसाल सामने आई है। वार्ड नंबर ९ निवासी हरप्रसाद बंसल पुत्र हरिकिशन बंसल के परिवार ने एक बेसहारा बछिया को अपने परिवार का सदस्य बनाकर समाज के सामने करुणा और संवेदनशीलता का संदेश दिया है। बताया कि करीब एक वर्ष की यह बछिया सड़कों पर बेसहारा घूम रही थी। जब हरप्रसाद बंसल और उनके परिवार की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने उसे अपने घर लाने का निर्णय लिया। परिवार ने बछिया को केवल एक पशु नही माना, बल्कि उसे बेटी की तरह स्नेह, सुरक्षा और अपनापन दिया। बछिया के घर आगमन की खुशी को परिवार ने उत्सव के रूप में मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें ढोल ढमाकों और डीजे की धुन के बीच परिवार एवं मोहल्ले के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ बछिया का स्वागत किया। कन्या भोज का आयोजन किया। इसके साथ ही रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के लोगों के लिये सामूहिक पंगत की व्यवस्था की गई, जिसमें सभी ने शामिल होकर परिवार की इस नेक पहल की सराहना की। बंसल परिवार की यह पहल समाज के लिये प्रेरणादायी संदेश देती है कि मूक प्राणियों के प्रति प्रेम, दया और सेवा की भावना ही सच्ची मानवता है। आज के समय में जहां पशुओं के प्रति संवेदनशीलता की आवश्यकता है, वही बांदरी के इस परिवार ने जीवों के प्रति अपनत्व का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# मध्य प्रदेश से गुजरात तक फैला नशे का नेटवर्क, 2 दंपति गिरफ्तार

- मंदसौर में भोपाल के दंपति से 62 किलो डोडा चूरा बरामद
- वडोदरा में मंदसौर के दंपति के पास मिली 41 लाख की एमडी

**भोपाल/ मंदसौर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश से गुजरात और राजस्थान तक नशे के कारोबार का नेटवर्क सामने आया है। मंदसौर पुलिस ने भोपाल के एक दंपति को 62 किलो से अधिक डोडा चूरा के साथ गिरफ्तार किया है, जबकि गुजरात की वडोदरा पुलिस ने मंदसौर निवासी दंपति को 1.396 किलो एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा है।

अफजलपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कमालपुरा फंटा के पास घेराबंदी कर कादु उर्फ राधा बाई (48) और आशाराम उर्फ गंभीर (52) को गिरफ्तार किया। दोनों भोपाल के गांधी नगर क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। उनके पास से करीब सवा लाख रुपये कीमत का 62 किलो से अधिक डोडा चूरा बरामद हुआ। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी महिलाओं के स्व-सहायता समूह की आड़ में मादक पदार्थों की तस्करी करते थे। पुलिस से बचने के लिए वे दुधमुंहे बच्चों को भी साथ रखते थे।

इधर वडोदरा पुलिस ने अय्यूब खान और उसकी पत्नी नाजमीन को 1.396 किलो एमडी के साथ गिरफ्तार किया। जब्त ड्रग्स की कीमत करीब 41 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने स्कॉर्पियो, मोबाइल सहित कुल 57.19 लाख रुपये का माल जब्त किया। पूछताछ में आरोपियों ने माल मंदसौर के एक तस्कर से लेने और अहमदाबाद के व्यक्ति को पहुंचाने की बात बताई है। दोनों मामलों में एनडीपीएस कानून के तहत प्रकरण दर्ज कर नेटवर्क की जांच की जा रही है।

CHANGE OF NAME

I, ARMY NO - 6496725N RANK HAV NAME DILIP KUMAR PRESENTLY RESIDING AT WARD NO 16, BANDH PARA, CHARCHA KALARI, SHIVPUR CHARCHA, CHARCHA COLLY, CHHATTISGARH, 497339 PRESENTLY WORKING AT 536 ASC BN (RAPID STRIKE) C/O 56 APO I DECLARE THAT MY MOTHER CORRECT NAME IS FULPATI, THE SAME NAME WAS MENTIONED IN HER AADHAR CARD, BUT IN MY ARMY SERVICE RECORD MY MOTHER NAME MENTIONED AS FUL PATI, INSTEAD OF MENTIONING AS FULPATI . VIDE AFFIDAVIT DATED 05/08/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

CHANGE OF NAME

I, ARMY NO - 6496725N RANK HAV NAME DILIP KUMAR PRESENTLY RESIDING AT WARD NO 16, BANDH PARA, CHARCHA KALARI, SHIVPUR CHARCHA, CHARCHA COLLY, CHHATTISGARH, 497339 PRESENTLY WORKING AT 536 ASC BN (RAPID STRIKE) C/O 56 APO I DECLARE THAT MY FATHER CORRECT NAME IS MORDHWAJ, THE SAME NAME WAS MENTIONED IN HIS AADHAAR CARD, BUT IN MY ARMY SERVICE RECORD MY FATHER NAME MENTIONED AS MOR DHAWAL, INSTEAD OF MENTIONING AS MORDHWAJ . VIDE AFFIDAVIT DATED 05/08/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

CHANGE OF NAME

I , BABURAO IS FATHER OGLF ARMY NO - 4581488A RANK HAV NAME DABHADE SANDEEP BABURAO SERVING IN 9 MAHAR HOME ADDRESS VILL - VASUNDHARA NAGAR, POST - JALNA, TEH - JALNA, DIST - JALNA, STATE - MAHARASHTRA, PIN - 431203 HAVE CHANGED MY NAME FROM BABURAO TO BABURAO VITTHALRAO DABHADE . VIDE AFFIDAVIT DATED 06/08/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

CHANGE OF NAME

I , SHOBHA IS MOTHER OF ARMY NO - 4581488A RANK HAV NAME DABHADE SANDEEP BABURAO SERVING IN 9 MAHAR HOME ADDRESS VILL - VASUNDHARA NAGAR, POST - JALNA, TEH - JALNA, DIST - JALNA, STATE - MAHARASHTRA, PIN - 431203 HAVE CHANGED MY BAME FROM SHOBHA TO SHOBHABAI BABURAO DABHADE . VIDE AFFIDAVIT DATED 06/08/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

# विधायक ने संगठनात्मक बैठक लेकर किया आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान



**सागर, देशबन्धु।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के आगामी राष्ट्रव्यापी एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर चार मंडलों में संगठनात्मक बैठके आयोजित की गई। बैठकों में विधायक प्रदीप लारिया ने कार्यकर्ताओं को आगामी अभियानों की जानकारी देते हुये इन्हें जनसहभागिता के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। मकरोनिया नगर मंडल की बैठक रजाखेड़ी स्थित विधायक कार्यालय, सदर मंडल की बैठक सिद्धेश्वर मंदिर मकरोनिया, ग्रामीण मंडल की बैठक कर्रापुर स्थित राठौर मैरिज हॉल तथा सागर ग्रामीण मंडल की बैठक किशनपुरा में आयोजित की गई। बैठकों को संबोधित करते हुये विधायक लारिया ने कहा कि भाजपा के कार्यक्रम केवल आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और जनजागरण के अभियान हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी हर घर तिरंगा अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। कहा कि 9 से 17 अगस्त तक चलने वाले अभियान के तहत प्रत्येक परिवार तक तिरंगे का संदेश पहुंचाया जाये और नागरिकों को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिये प्रेरित किया जाये। बताया कि नरयावली विधानसभा क्षेत्र में 13 अगस्त को मकरोनिया मंडल के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित की जायेगी। इसमें युवाओं, मातृशक्ति, पूर्व सैनिकों, प्रबुद्धजनों और सामाजिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में संत शिरोमणि रविदास की 650 वीं जयंती के अवसर पर प्रस्तावित समरसता संकल्प कलश यात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। विधायक ने कहा कि यह यात्रा सामाजिक समरसता और संत परंपरा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सभी अभियानों को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। बैठकों में अंकित तिवारी, सौरभ केशरवानी, अशोक सिंह, अरविंद घोसी, प्रभुदयाल कुशवाहा, मिहीलाल नपाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील राहतगढ़ जिला सागर म.प्र.**

क्रमांक / प्रवा.ना.तह. / 2026

राहतगढ़ दिनांक 31.07.2026
प्र.क्र./0002/अ-20(3)/2026-27
मौजा - सीहोरा रा.नि.मं. सीहोरा
तहसील राहतगढ़ जिला सागर

**इश्तहार**

आम जनता मौजा ग्राम सीहोरा प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. सीहोरा तहसील राहतगढ़ जिला-सागर (म.प्र.) को सूचित किया जाता है कि उक्त ग्राम सीहोरा प.ह.नं. 47 सर्किल सीहोरा तहसील राहतगढ़ के

| खसरा नंबर | रकवा | में से रकवा |
|---|---|---|
| 108 | 20.44 हे. | 4.00 हे. |

की भूमि पर JILA KHEL AVAM YUVA KALYAN ADHIKARI SAGAR (SHARMILA DAWAR) ने ग्राम की उपरोक्त भूमि आवंटित किए जाने तथा आवेदन-पत्र अनुसार उपरोक्त व्यक्ति/ संस्था का नाम दर्ज किये जाने का लेख किया गया है। यह कि ग्राम के पटवारी अभिलेख में शासकीय मद में दर्ज है । अतः जिस व्यक्ति को किसी भी किस्म की आपत्ति हो वह ग्राम के पटवारी या मेरे न्यायालय में नियत पेशी दिनांक **10.08.2026** तक लिखित रूप से पेश करें। म्यांद गुजर जाने पर कोई सुनवाई नहीं होगी एवं एक तरफा से प्रमाणीकरण कर दिया जावेगा । आज दिनांक 31.07.2026 को न्यायालयीन पदमुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी ।

स्थानः- राहतगढ़
जारी दिनांक **31.07.2026**
पेशी दिनांक **10.08.2026**

**नायब तहसीलदार**
**राहतगढ़ जिला-सागर**

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | punjab national bank ...the name you can BANK upon !

सीओ-सैम, कटनी
प्रथम तल, आस्था प्लाजा, झर्रा टिकुरिया, जबलपुर रोड, कटनी म.प्र-483501
ई-मेल : coktnsamd@pnb.bank.in
अनुबंध 46 (संशोधित एसआई-10)
कब्जा सूचना [नियम 8(1) देखें]

जबकि

पंजाब नेशनल बैंक के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, प्रतिभूतिकरण और वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैंने ऋणकर्ता श्रीमान को दिनांक 22/05/2026 को एक मांग नोटिस जारी किया, मेसर्स नरेंद्र कुमार राजेंद्र कुमार अग्रवाल को नोटिस में उल्लिखित राशि रू. 2,03,55,663.92 रुपये (दो करोड़ तीन लाख पचपन हजार छह सौ तिरसठ और बानवे पैसे मात्र) का भुगतान नोटिस की तिथि/उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करना होगा।

ऋण लेने वाले द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने के कारण, ऋण लेने वाले और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 4 अगस्त , 2026 को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

ऋण लेने वाले और आम जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन न करें। संपत्ति से संबंधित लेन-देन पंजाब नेशनल बैंक के प्रभार के अधीन होगा, जिसकी राशि रू. 2,03,55,663.92 रुपये (दो करोड़ तीन लाख पचपन हजार छह सौ तिरसठऔर बानवे पैसे मात्र) + ब्याज और अन्य शुल्क है।

ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो गिरवी रखी गई संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

**अचल संपत्ति का विवरण**

व्यावसायिक रूप से परिवर्तित भूमि का वह भाग, जिसका खासरा नं. 18/2/2 है, क्षेत्रफल 0.40 हेक्टेयर या 4000 वर्ग मीटर (परिवर्तन के बाद) है, पह नं.298/37, ग्राम केनकरा, तहसील गढ़कोटा, जिला सागर।

प्राधिकृत अधिकारी , पंजाब नैशनल बैंक

## सार समाचार

### बल्देवगढ़ में निकले चेहल्लुम के ताजिए, अखाड़े में दिखाए हैरतअंगेज करतब



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** नगर में चेहल्लुम के अवसर पर हसन-हुसैन की याद में परंपरागत श्रद्धा और अकीदत के साथ ताजिए निकाले गए। ताजियों के साथ अखाड़ा और बाजोटी भी शामिल रही। नगर के निर्धारित मार्गों से ताजिए गुजरने के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। चेहल्लुम को लेकर पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था और परंपरा का माहौल दिखाई दिया। ताजिए अपने निर्धारित मकाम से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकले। इस दौरान जगह-जगह समुदाय के लोगों ने ताजियों के प्रति अपनी अकीदत पेश की। बच्चे, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में आयोजन में शामिल हुए। ताजियों के साथ चल रहे अखाड़े ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। अखाड़े में शामिल युवाओं ने पारंपरिक कला और एक से बढ़कर एक करतबों का प्रदर्शन किया। अखाड़े के प्रदर्शन को देखने के लिए मुख्य मार्गों पर लोगों की भीड़ रही। ताजियों के साथ बाजोटी भी परंपरागत रूप से शामिल की गई, जिससे आयोजन की पुरानी परंपराओं की झलक देखने को मिली। चेहल्लुम के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हसन-हुसैन की याद में अपनी अकीदत पेश की। आयोजन के दौरान नगर के प्रमुख मार्गों पर धार्मिक और सामाजिक सद्भाव का वातावरण बना रहा। ताजियों के गुजरने के दौरान बड़ी संख्या में लोग मार्ग के दोनों ओर मौजूद रहे।

नगर में वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी चेहल्लुम मनाया गया। ताजिए, अखाड़ा और बाजोटी के साथ निकले जुलूस में मुस्लिम समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। निर्धारित मार्गों से होते हुए ताजिए आगे बढ़े और परंपरागत रीति के साथ चेहल्लुम का आयोजन संपन्न हुआ।

### 5 मांगों पर अड़े पटवारी, जिलेभर में राजस्व काम प्रभावित

# न कलम चल रही, न बस्ता खुल रहा, लोग परेशान



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** हाथों में रहने वाले राजस्व बस्ते अब तहसील कार्यालयों में जमा हैं और पटवारियों की कलम भी थम गई है। वर्षों से लंबित पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर टीकमगढ़ जिले के पटवारी अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर चले गए हैं। जिलेभर के पटवारियों ने अपने बस्ते संबंधित तहसील कार्यालयों में जमा कर कामकाज से दूरी बना ली है। वहीं जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट के सामने तंबू लगाकर धरना शुरू कर दिया गया है। आंदोलन लंबा खिंचने की स्थिति में जमीन और राजस्व से जुड़े आम लोगों के काम प्रभावित हो सकते हैं।

मध्यप्रदेश पटवारी संघ लंबे समय से पटवारी संवर्ग की पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग कर रहा है। संघ का कहना है कि इन मांगों को लेकर शासन और प्रशासन का लगातार ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन अपेक्षित समाधान नहीं निकला। टीकमगढ़ में भी जिला कार्यकारिणी ने 8 जुलाई को जिला प्रशासन के माध्यम से अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद प्रदेश स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन किया गया, लेकिन मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होने के बाद आंदोलन को अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल में बदल दिया गया।

संघ के प्रांतीय नेतृत्व ने 2 अगस्त को पत्र जारी कर प्रदेशभर के पटवारियों से 3 अगस्त से अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू करने और अपने राजस्व बस्ते तहसील कार्यालयों में जमा करने का आह्वान किया था। इसी के तहत टीकमगढ़ जिले में भी पटवारियों ने सामूहिक रूप से काम बंद कर दिया। पटवारियों के हड़ताल पर जाने के साथ ही कार्यालयीन और मैदानी दोनों प्रकार के राजस्व कार्यों से दूरी बना ली गई है।

जिला मुख्यालय पर आंदोलन को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने तंबू लगाया गया है, जहां पटवारी धरने पर बैठकर अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं। संघ ने स्पष्ट किया है कि मांगों का निराकरण होने तक आंदोलन जारी रहेगा। इसके साथ ही जिला प्रशासन से हड़ताल की अवधि में पटवारियों की किसी भी ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन कार्य में ड्यूटी नहीं लगाने की मांग की गई है। इसमें स्वामित्व योजना, जनगणना सहित अन्य विभागीय एवं प्रशासनिक कार्य भी शामिल बताए गए हैं।

पटवारियों की हड़ताल का सीधा असर राजस्व से जुड़े कामकाज पर पड़ने की आशंका है। गांवों और तहसीलों में भूमि संबंधी मामलों, राजस्व अभिलेखों से जुड़े प्रकरणों, सीमांकन, मौके की रिपोर्ट और अन्य मैदानी कार्यों के लिए पटवारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। ऐसे में अनिश्चितकालीन हड़ताल लंबी चली तो विभिन्न राजस्व कार्यों के लिए तहसील पहुंचने वाले किसानों और आम नागरिकों को इंतजार करना पड़ सकता है।

पटवारी संघ का कहना है कि आंदोलन अचानक नहीं किया गया, बल्कि मांगों को लेकर पहले ज्ञापन देने के साथ चरणबद्ध तरीके से शासन का ध्यान आकर्षित कराया गया। इसके बावजूद समाधान नहीं निकलने पर कलमबंद हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा। अब जिलेभर के पटवारियों के बस्ते तहसील कार्यालयों में जमा हैं और जिला मुख्यालय पर आंदोलन जारी है।

अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू होने के बाद अब निगाहें शासन की ओर टिकी हैं। एक ओर पटवारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण पर अड़े हैं, वहीं दूसरी ओर हड़ताल के कारण राजस्व कार्य प्रभावित होने की चिंता बढ़ रही है। ऐसे में आंदोलन कितने दिन चलता है और पटवारियों की मांगों को लेकर शासन स्तर से क्या निर्णय सामने आता है, इस पर किसानों और आम नागरिकों की भी नजर रहेगी।

# पुराने विवाद में युवक पर चाकू और बीयर की बोतल से हमला, 3 पर मामला दर्ज

### मंडी रोड पर दिनदहाड़े वारदात



▶ **पुलिस ने शुरू की जांच**

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मंडी रोड पर गुरुवार दोपहर पुराने विवाद को लेकर एक युवक पर चाकू और बीयर की कांच की बोतल से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल युवक ने अपने भाई के साथ कोतवाली थाने पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार 27 वर्षीय अजय यादव निजी चौकीदारी का कार्य करता है। गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे वह मंडी रोड स्थित गिरी गृहस्थी मार्केट के पास पेंट का डिब्बा लेने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अनिरुद्ध यादव, ऋषभ यादव और रमन यादव मिले। आरोप है कि तीनों ने अजय को रोककर उससे पूछा कि वह अपने भतीजे छोटू यादव के साथ शिकायत लेकर थाने क्यों गया था। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी शुरू हो गई और देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया।

अजय यादव का आरोप है कि विवाद के दौरान तीनों ने उसके साथ मारपीट की। पहले बीयर की कांच की बोतल से हमला किया गया और इसके बाद चाकू से वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद आरोपी उसे घायल अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल अजय को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

इसके बाद अजय अपने भाई महेंद्र यादव के साथ कोतवाली थाने पहुंचा और घटना की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए अनिरुद्ध यादव, ऋषभ यादव और रमन यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत प्रकरण कायम किया है।

पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों और साक्ष्यों की जांच कर रही है। साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### कलाकारों को मंच और छोटे कारोबारियों को मिलेगा व्यवस्थित ठिकाना

# महेंद्र सागर को मिलेगी नई पहचान, बनेगा सांस्कृतिक मंच और वेंडर जोन

▶ **जनभागीदारी से प्रस्तावित निर्माण कार्य का भूमिपूजन**



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के प्रमुख महेंद्र सागर तालाब के आसपास का क्षेत्र आने वाले समय में नए स्वरूप में नजर आएगा। यहां जनभागीदारी के अंतर्गत प्रस्तावित सांस्कृतिक मंच एवं वेंडर जोन का निर्माण किया जाएगा। गुरुवार को निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। सांस्कृतिक मंच तैयार होने से शहर की सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए एक व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा, जबकि वेंडर जोन बनने से छोटे व्यापारियों और फुटपाथ विक्रेताओं को निर्धारित स्थान मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही तालाब क्षेत्र के सौंदर्यीकरण और आसपास की यातायात व्यवस्था में सुधार की दिशा में भी इसे महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

महेंद्र सागर तालाब के समीप आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला, भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष अंजली शर्मा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे। अतिथियों और जनप्रतिनिधियों ने विधि-विधान से पूजन कर प्रस्तावित निर्माण कार्य की शुरुआत कराई।

शहर के बीच स्थित महेंद्र सागर तालाब लंबे समय से नगर के प्रमुख स्थलों में शामिल रहा है। अब इसके आसपास सांस्कृतिक मंच और वेंडर जोन विकसित किए जाने से क्षेत्र को नई पहचान मिलने की उम्मीद है। सांस्कृतिक मंच बनने के बाद यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सामाजिक और सार्वजनिक आयोजन किए जा सकेंगे। इससे स्थानीय कलाकारों और प्रतिभाओं को अपनी कला एवं प्रस्तुतियों के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा।

वेंडर जोन तैयार होने के बाद छोटे व्यापारियों को व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने के साथ सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर होने वाले दबाव को कम करने में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

भूमिपूजन के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सांस्कृतिक मंच शहर की सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का माध्यम बनेगा। वहीं वेंडर जोन के माध्यम से छोटे व्यापारियों और फुटपाथ विक्रेताओं को सुव्यवस्थित स्थान मिलने से उनके कारोबार को सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संजय नायक, पार्षद अभिषेक खरे रानू, महेश साहू, गोविंद प्रजापति, हबीब राइन, राजीव बर्धमान, अनीश खान, अरविंद रजक, एल्डरमेन पार्षद सुशीला राजपूत, उषा प्रजापति, भाजपा नेत्री संध्या सोनी, हर्ष पिंटू मिश्रा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सूर्य प्रकाश मिश्रा, भाजपा नेता मनोज देवालिया, नगर पालिका उपयंत्री दीपक विश्वकर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर शुभम वर्मा सहित नगर के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। भूमिपूजन के साथ प्रस्तावित निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत हो गई है। अब शहरवासियों की निगाह इस बात पर रहेगी कि सांस्कृतिक मंच और वेंडर जोन का निर्माण कितनी तेजी और गुणवत्ता के साथ पूरा होता है।

# फसल बीमा से चूके किसानों को एक और मौका, अब 17 तक आवेदन



▶ **खरीफ फसलों के बीमा के लिए देना होगा सिर्फ 2 प्रतिशत प्रीमियम**

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों का बीमा कराने से वंचित रह गए किसानों के लिए राहत की खबर है। भारत सरकार ने फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 17 अगस्त 2026 कर दी है। इससे जिले के उन किसानों को भी अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराने का मौका मिल गया है, जो किसी कारण से निर्धारित समय-सीमा में पंजीयन नहीं करा पाए थे। किसानों तक योजना की जानकारी पहुंचाने और अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा से जोड़ने के लिए जिले में दो कृषक जागरूकता प्रचार रथ भी रवाना किए गए हैं।

स्थानीय सर्किट हाउस से दोनों प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। इस दौरान सरोज राजपूत, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, उप संचालक कृषि मनोज कश्यप, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के जिला प्रतिनिधि शिवाजी परमार, प्रभारी वरिष्ठ कृषि अधिकारी विकासखंड टीकमगढ़ कैलाश प्रसाद अहिरवार सहित कृषि विभाग के अधिकारी और बीमा कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

ये कृषक जागरूकता रथ 17 अगस्त तक जिले के सभी विकासखंडों, तहसीलों और ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेंगे। रथों के माध्यम से ऑडियो संदेश, पंपलेट एवं अन्य प्रचार सामग्री के जरिए किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ, बीमा कराने की प्रक्रिया और योजना के उद्देश्य की जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ना और मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से होने वाले फसल नुकसान के आर्थिक जोखिम को कम करना है। अऋणी किसान अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा ग्राम पंचायत क्षेत्र में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर, जिले के बैंकों अथवा स्वयं फसल बीमा पोर्टल के माध्यम से 17 अगस्त 2026 तक करा सकते हैं। खरीफ मौसम की सभी अधिसूचित फसलों के लिए किसानों को बीमित राशि का मात्र दो प्रतिशत प्रीमियम देना होगा।

अऋणी किसानों को बीमा कराने के लिए भू-अधिकार पुस्तिका की छायाप्रति, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, स्वप्रमाणित बुआई प्रमाण-पत्र और मोबाइल नंबर सहित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

# पलेरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण, पात्र हितग्राही को स्वयं पहुंचना होगा केंद्र



**पलेरा, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास परियोजना पलेरा के जेवर सेक्टर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। सेक्टर सुपरवाइजर पूनम सेन ने कार्यकर्ताओं को शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यकर्ताओं को विभागीय कार्यों एवं टेक होम राशन वितरण की प्रक्रिया को लेकर प्रशिक्षण भी दिया गया। विशेष रूप से स्पष्ट किया गया कि पात्र महिलाओं और बच्चों को मिलने वाला टेक होम राशन फेस कैप्चर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही दिया जाएगा।

सेक्टर सुपरवाइजर पूनम सेन ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी और लगन से निर्वहन करें। शासन की ओर से महिलाओं और बच्चों के लिए संचालित योजनाओं से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में पात्र परिवारों से नियमित संपर्क रखने और उन्हें योजनाओं एवं मिलने वाले लाभ की जानकारी देने के निर्देश दिए गए।

बैठक में टेक होम राशन वितरण की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया गया कि आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से निर्धारित पात्रता के अनुसार दलिया, चावल, सोयाबीन से तैयार सामग्री, चना सहित अन्य पोषण सामग्री पैकेट के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। इसका वितरण समूह संचालकों के माध्यम से किया जाएगा।

कार्यकर्ताओं को बताया गया कि टेक होम राशन प्राप्त करने के लिए संबंधित पात्र हितग्राही का फेस कैप्चर आवश्यक रहेगा। हितग्राही के स्थान पर परिवार के किसी अन्य सदस्य अथवा दूसरे व्यक्ति का फेस कैप्चर मान्य नहीं किया जाएगा। इसके लिए संबंधित महिला अथवा निर्धारित हितग्राही को स्वयं आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचकर फेस कैप्चर की प्रक्रिया पूरी करानी होगी। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को वितरण व्यवस्था में पात्रता और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश दिए गए, ताकि शासन की पोषण योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंच सके। इस अवसर पर जेवर सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित समूह संचालक उपस्थित रहे।

# सरकारी पहाड़ी पर तारबंदी से मवेशियों का रास्ता बंद, ग्रामीणों ने खोला मोर्चा



**टीकमगढ़/जतारा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत जतारा अंतर्गत ग्राम पंचायत बाजीतपुरा में सरकारी पहाड़ी की भूमि पर की गई तारबंदी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। बंदरगुड़ा सहित आसपास के ग्रामीणों ने सरपंच पति मनी राजपूत और उनके कुछ साथियों पर शासकीय भूमि को कथित रूप से घेरने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि पहाड़ी के चारों ओर कंटीले तार लगाए जाने से वर्षों से यहां चरने आने वाले मवेशियों का रास्ता बंद हो गया है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम नीरज खरे और तहसीलदार पलक जैन को शिकायती ज्ञापन सौंपकर जांच और तारबंदी हटाने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार विवादित भूमि खसरा क्रमांक 111/1/1 में दर्ज सरकारी पहाड़ी का हिस्सा है। उनका दावा है कि यह क्षेत्र लंबे समय से आसपास के गांवों के मवेशियों के चरने के उपयोग में आता रहा है।

### टौरी की मतदाता सूची पर उठे सवाल, नाम कटवाने के आरोपों से गरमाया मामला

# ग्रामीणों और सरपंच ने सचिव पर लगाए पक्षपात के आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग



**पलेरा, देशबन्धु।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतदाता सूची के पुनरीक्षण के बीच ग्राम पंचायत टौरी में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों और वर्तमान सरपंच ने पंचायत सचिव अनन्दी लाल अहिरवार पर मतदाता सूची से नाम हटवाने की प्रक्रिया में कथित पक्षपात और लापरवाही के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और शिकायत सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने से संबंधित शासकीय प्रक्रिया में नियमों का समुचित पालन नहीं किया गया और यह कार्य कथित रूप से पूर्व सरपंच के प्रभाव में किया गया। ग्रामीणों का दावा है कि वर्तमान सरपंच के परिजनों और समर्थकों के नाम मतदाता सूची से हटवाने के उद्देश्य से तहसील कार्यालय में फॉर्म जमा कराए गए हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पूर्व में भी कुछ मतदाताओं के नाम हटाने का प्रयास किया गया था, जिसकी जानकारी अधिकारियों तक पहुंचने के बाद प्रक्रिया रोक दी गई थी। शिकायत में अंजू, ममता, कीर्ति, प्रीति, उर्मिला, ज्योति, मोहनी, रोशनी, काशी, घासीराम, लखन, रामकली, हरि तिवारी, मूर्ती सिंह, मयंक, वर्षा, रामस्वरूप और बेबी सहित कई मतदाताओं के नामों का उल्लेख किया गया है।

### कानून से साइबर सुरक्षा तक विद्यार्थियों को मिला जागरूकता का पाठ

# खाकी अब युवाओं से करेगी सीधा संवाद, 450 विद्यार्थियों से हुई शुरुआत







**टीकमगढ़, देशबन्धु।** अपराध होने के बाद कार्रवाई के साथ अब टीकमगढ़ पुलिस युवाओं को अपराध, नशे और साइबर ठगी से पहले ही सतर्क करने की दिशा में आगे बढ़ी है। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल की पहल पर जिले में गुरुवार को 'जन सुरक्षा, युवा सृजनङ्क्जन संवाद योजना 2026' की शुरुआत की गई। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 से शुरू हुए अभियान के पहले ही कार्यक्रम में कक्षा 11वीं और 12वीं के करीब 450 विद्यार्थियों से पुलिस अधिकारियों ने सीधा संवाद किया। विद्यार्थियों को कानून, उनके अधिकार एवं कर्तव्य, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, बाल संरक्षण और नशे से दूर रहने के संबंध में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटारे, परिवीक्षाधीन डीएसपी किरण सिंह, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक और अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच केवल कानून की जानकारी पहुंचाना ही नहीं, बल्कि पुलिस और नई पीढ़ी के बीच संवाद और विश्वास को मजबूत करना भी रहा।

विद्यार्थियों को भारतीय संविधान में नागरिकों को दिए गए अधिकारों के साथ उनके कर्तव्यों की जानकारी दी गई। इसके अलावा बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सहित युवाओं से सीधे जुड़े कानूनी प्रावधानों को सरल तरीके से समझाया गया। सड़क पर सुरक्षित व्यवहार से लेकर डिजिटल दुनिया में बरती जाने वाली सावधानियों तक कई विषयों पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए डिजिटल दौर में बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर विशेष रूप से सतर्क किया। उन्होंने ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, डिजिटल ठगी और सोशल मीडिया के असुरक्षित इस्तेमाल से होने वाले खतरों की जानकारी देते हुए कहा कि मोबाइल और इंटरनेट जितने उपयोगी हैं, लापरवाही होने पर उतना ही बड़ा जोखिम भी बन सकते हैं। युवाओं को किसी संदिग्ध लिंक अथवा ऑनलाइन प्रलोभन से सावधान रहने और सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने की समझाइश दी गई।

संवाद का दूसरा महत्वपूर्ण विषय नशा मुक्ति रहा। विद्यार्थियों को नशे से होने वाले व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक नुकसान के बारे में बताया गया। पुलिस अधीक्षक ने युवाओं से नशे से दूरी बनाकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि मजबूत और सुरक्षित समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने करीब 450 विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने कानून का सम्मान करने, साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने और नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

टीकमगढ़ पुलिस की 'जन सुरक्षा, युवा सृजनङ्क्जन संवाद योजना 2026' को पुलिस और युवाओं के बीच सीधे संवाद की पहल के रूप में शुरू किया गया है। योजना के माध्यम से विद्यार्थियों में विधिक चेतना, सुरक्षा-बोध और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने पर जोर रहेगा। पुलिस का प्रयास है कि नई पीढ़ी कानून को केवल कार्रवाई और दंड से जोड़कर न देखे, बल्कि अपने अधिकार, कर्तव्य और सुरक्षा से भी जोड़े। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के नेतृत्व में शुरू हुई इस पहल का पहला पड़ाव विद्यालय रहा, जहां 450 विद्यार्थियों को एक साथ जागरूक किया गया।

# सार-समाचार

## ग्राम टिकरी बुजुर्ग में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न



**दमोह देशबन्धु।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी की उपस्थिति में ग्रामीणों को विधिक जानकारी एवं उनके अधिकार विषय पर जानकारी दिये जाने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत टिकरी बुजुर्ग में किया गया। शिविर में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उषाकांता कृषाण, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, सरपंच राजाराम, सचिव कमलेश सींग एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

शिविर को संबोधित करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी ने कहा कि सभी नागरिकों को समान अधिकार संविधान के द्वारा दिये गये है, अधिकारों का उल्लंघन होने पर व न्यायालय की शरण में आ सकते है। इस कारण हर व्यक्ति को कानूनी की जानकारी होना आवश्यक है क्योकि विधिक जागरूकता से समाज सशक्त होता है जब कानून की जानकारी होगी तभी नागरिक अपने विरूद्ध होने वाले शोषण व अपराध के विरूद्ध आवाज उठा सकता है।

व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उषाकांता कृषाण दमोह ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि ग्रामों में कृषि कार्य के लिए पंजीकृत ट्रेक्टर का प्रयोग अन्य कार्य के लिये किया जाता है, दुर्घटना होने उसके परिणाम अत्यंत कष्टकारी होते है। आपने मोटरयान अधिनियम, अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, जनउपयोगी लोक अदालत के विषय में उपस्थित ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी।

जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बताया कि गरीबी व अन्य असमर्थता के कारण कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित नहीं रह सकता इसके लिए नि:शुल्क विधिक सहायता योजना संचालित है, जिसमे अधिवक्ता शासन के व्यय पर प्रदान किया जाता है। आपने नेशनल लोक अदालत, नालसा जागृति योजना, नशा पीडितो को विधिक सहायता योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

## कटनी ट्रांसपोर्ट नगर में आवंटन उच्च न्यायालय के फैसले के अधीन

**जबलपुर, देशबन्धु।** उच्च न्यायालय ने कटनी ट्रांसपोर्ट नगर के 115 भूखंडों की निविदा प्रक्रिया पर महत्वपूर्ण व्यवस्था देते हुए कहा है कि निविदा के आधार पर होने वाला कोई भी आवंटन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा। उक्त आदेश जस्टिस विशाल मिश्रा ने कटनी ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की याचिका पर दिया। एसोसिएशन की ओर से दीपक पंजवानी ने पक्ष रखते हुए बताया कि कटनी शहर में ट्रकों की आवाजाही रोकने के उद्देश्य से वर्ष 1983 में पुरैनी की शासकीय भूमि ट्रांसपोर्ट नगर के लिए आवंटित की गई थी। योजना के तहत 114 ट्रांसपोर्टरों को भूखंड मिल चुके हैं, जबकि शेष 115 के आवंटन के बजाय नगर निगम ने अब निविदा के जरिए नीलामी शुरू कर दी है। एसोसिएशन ने इसे शासन के आदेश तथा हाईकोर्ट के 2006 के आदेश के विपरीत बताया। शासन ने प्रस्तावित भूमि का मूल्य करीब 44ण्88 करोड़ रुपये बताया और जवाब के लिए समय मांगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि निविदा से होने वाला आवंटन याचिका के निर्णय के अधीन रहेगा। कानून विशेषज्ञों के अनुसार याचिका मंजूर होने पर आवंटन निरस्त होकर निविदाकार की राशि लौटाई जा सकती है।

## सुनील शर्मा बने भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं भाजपा खरबई मंडल के पूर्व प्रभारी सुनील शर्मा भारतीय जनता पार्टी रायसेन में जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए श्री शर्मा जी को कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर केंद्रीय कृषि कल्याण मंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा सांची विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रभु राम चौधरी जी प्रदेश पदाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए उनके शुभचिंतकों ने बधाई दी।

# किसानों ने किया चक्काजाम, 1 घंटे बाद एसडीएम की समझाइश पर खुला जाम

**दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु।** विगत कई दिनों से किसान डबल लॉक गोदाम से शासकीय मूल्य पर मिलने वाली खाद डी ए पी यूरिया खाद पाने के लिए मजबूर है तीन तीन दिन लाइन लगाने के बाद भी खाद नहीं मिलता किसानों को और हजारों बोरी खाद जिले के बाहर के किसानों वा व्यापरीयों को खाद मिल जाता है जिससे परेशान किसानों ने गुरुवार को दमोह जबलपुर मार्ग पर नारे बाजी करते हुए जाम लगा दिया जिससे एक घंटे से अधिक समय तक आवागमन बंद होने से यात्री परेशान हुए। जब प्रशासन को जानकारी मिली तो एमडीएम गोस्वामी, तहसीलदार विवेक व्यास, नायव तहसीलदार चंद शेखर शिल्पी मौका स्थल पर पहुँचे। जहां पर किसानों से बात चीत की पर किसान अड़ गए की 2 दिन मे करीब 5 हज़ार बोरिया डबल लॉक से बाटी गई पर तहसील के किसानों को नहीं मिली इसकी जाँच होनी चाहिए है । एमडीएम ने किसानों को भरोसा दिलाया की तहसील के ब्लॉक के सभी किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार खाद दिलवाई जाएगी साथ ही नियमित रूप से किसानों को टोकन जारी किये जायगे।





**पुस्तकलय की आड़ मे बिकती थी ब्लैक मे खाद एमडीएम ने मारा छापा 23 बोरिया जप्त :** किसानों की सूचना पर एसडीएम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए बताए गई गोदाम में छापा मारा तो वहा पर खाद की 23 बोरिया और खाली बारदाना मिला जिसपर एसडीएम ने खाद जप्त की कार्यवाही की।

विशेष सूत्रों ने बताया की मंगलवार की रात्रि मे व्यापारी द्वारा खाद अन्य जगह भेज दी गई जिससे मात्र 23 बोरिया ही जप्त की जा सकी।

### इनका कहना है

तारादेही रोड लाइब्रेरी की आड़ मे व्यापारी खाद की काला बाजारी करता था किसानों को खाद ना देकर अन्य लोगों को ऊंचे दाम मे खाद की कालाबाजारी करता है 22 बोरिया जप्त कर केश बनाया गया। लाइलेस निरस्त कर जुर्माना किया जाएगा।

**सी.जी. गोस्वामी**
**एसडीएम तेंदूखेड़ा**

# चलती रेवांचल ट्रेन से गिरा व्यक्ति, ट्रैक के समीप पड़ा मिला



**दमोह देशबन्धु।** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर नाका चौकी के समीप दमोह से सागर की ओर 8 किलोमीटर दूर रेल्वे ट्रैक पुल क्रमांक 1122/24 पर गुरुवार अल सुबह एक व्यक्ति घायल अवस्था में मिला। जानकारी के अनुसार यह घटना सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच की है। रेवांचल ट्रेन से गिरने के कारण व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही रेल मौके पर ड्यूटी पर तैनात आरक्षक विमल चारी, डायल 112 में ड्यूटी रत आरक्षक रानू और रेलवे पुलिस से एएसआई बीएल चौधरी, आरक्षक अखिलेश सिंह मौके पर पहुंचे। जिसके बाद घायल विनोद पिता मोहनलाल साकेत उम्र 28 वर्ष निवासी न्यू समता निपानिया पपोद, शहडोल को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## राज्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों की सुनीं समस्याएं



**दमोह देशबन्धु।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने गुरुवार को नोहटा स्थित अपने निज कार्यालय में जबेरा विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों से आत्मीय सौजन्य भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याएं एवं सुझाव भी सुने।राज्यमंत्री लोधी ने ग्राम पटेरिया के नागरिकों को क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए विधायक निधि से 2 लाख रुपये की स्वीकृति-पत्र प्रदान की। उन्होंने कहा क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार जनसेवा और विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा जबेरा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।

### नगर पालिका की सख्त कार्रवाई

# सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंकने वालों पर 3 हजार का जुर्माना



**दमोह देशबन्धु।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह लोधी के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद दमोह द्वारा शहर में स्वच्छता बनाए रखने एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध विशेष चालानी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जेल रोड स्थित देसी कलाकार विवेक राजपूत की चाट दुकान द्वारा सार्वजनिक स्थान पर कचरा फैलाते पाए जाने पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार विजय नगर के पास स्थित डोमिनोज पिज्जा शॉप द्वारा भी कचरा फेंके जाने पर नगर पालिका की टीम ने नियमानुसार चालानी कार्रवाई करते हुए स्पॉट फाइन वसूला। इस अभियान में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद खान के नेतृत्व में सफाई दरोगा सतीश नामदेव, अभिषेक शुक्ला, विनोद करोसिया, मनीष करोसिया, सुरेंद्र करोसिया, संदीप पारोचे सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्रवाई के दौरान दोनों प्रतिष्ठानों से स्पॉट फाइन के रूप में कुल रू.3,000 की राशि की रसीद काटी गई।नगर पालिका परिषद ने शहरवासियों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएं तथा निर्धारित डस्टबिन का ही उपयोग करें। स्वच्छ शहर बनाने में सभी नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार नियमित रूप से चालानी कार्रवाई जारी रहेगी।

### तपहाड़ीखेरा-मझगवां मार्ग पर ठेकेदार ने की भारी अनियमितता

# घटिया निर्माण सामग्री का किया इस्तेमाल, पहली बारिश में धंसी पुलिया

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के पहाड़ीखेरा क्षेत्र को चित्रकूट से सीधे जोड़ने वाला पहाड़ीखेरा-मझगवां सड़क मार्ग विकास की जगह क्षेत्रीय जनता के लिए विनाश का कारण बनता जा रहा है। लोक निर्माण विभाग की नाक के नीचे कृष्णा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा पिछले दो वर्षों से करीब 38 किलोमीटर लंबे टू-लेन मार्ग का कार्य कछुआ गति से किया जा रहा है। समय सीमा बीत जाने के बाद भी काम अधूरा है और जो निर्माण हुआ है, उसमें भ्रष्टाचार की बू आ रही है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण में भारी वित्तीय और तकनीकी अनियमितताएं की जा रही हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। पहाड़ीखेरा से जमुनहा मोड़ के बीच बनाई गई चार पुलियाएं तकनीकी मापदंडों को ताक पर रखकर खड़ी कर दी गई हैं। दुभा मंदिर और जमुनहा मोड़ के पास बनी पुलियाओं की ऊंचाई इतनी अधिक रखी गई है कि सामान्य वाहनों का चढ़ना नामुमकिन हो गया है। वाहनों के चैंबर सीधे कंक्रीट से टकरा रहे हैं। हद तो तब हो गई जब देवन नदी के पास बनी दूसरी पुलिया में पहली ही बारिश में गहरा छेद हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा घटिया स्तर की सीमेंट और गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है, जिसे छुपाने के लिए आनन-फानन में मिट्टी डाल दी गई। ठेकेदार ने मुख्य मार्ग को खोदकर छोड़ दिया है और जो वैकल्पिक (डायवर्टेड) रास्ता बनाया है, वह पूरी तरह दलदल में तब्दील हो चुका है। भारी वाहन और यात्री बसें रोजाना इस कीचड़ में फंस रही हैं। स्कूली बच्चे, प्रसूता महिलाएं और एम्बुलेंस इस मार्ग पर घंटों जाम में फंसे रहने को मजबूर हैं।



**जनता की मांग :** जांच हो और काम तेज होक्षेत्रीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। उनकी मुख्य मांगें निम्नलिखित हैं:-

दो वर्षों में हुए पूरे निर्माण कार्य और उपयोग की गई सामग्री की निष्पक्ष लैब जांच हो। अनियमितता बरतने वाले ठेकेदार का टेंडर निरस्त कर उसे ब्लैकलिस्ट किया जाए।

जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी में टास्क फोर्स बनाकर सड़क और पुलियाओं का काम युद्ध स्तर पर तेज किया जाए।

दो साल से हम इस नरक को झेल रहे हैं। ठेकेदार की तानाशाही और घटिया काम के खिलाफ अब पानी सिर से ऊपर जा चुका है। अगर जल्द ही इस भ्रष्टाचार की जांच कर निर्माण कार्य तेज नहीं किया गया, तो चक्काजाम और उग्र आंदोलन होग स्थानीय ग्रामीणों एवं पीड़ित राहगीर ने जिला कलेक्टर तथा वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की जांच करने तथा कार्यवाही करने की मांग की है।

# जिला जेल का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

- **बंदियों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के दिए निर्देश**



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव औचक रूप से जिला जेल दमोह पहुँचे। उन्होने यहाँ पहुँचकर बंदियो से चर्चा की और मूलभूत सुविधाओं के संबंध में चर्चा कर वस्तुस्थिती जानी। परोसे गये भोजन के संबंध बंदियो से बातचीत की ओर मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं आदि के बारे में जाना। उन्होने बंदियो से जाना कोई समस्या तो नही है, यदि है तो बतायें।

कलेक्टर श्री यादव ने जिला जेल का निरीक्षण कर बंदियों को शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बंदी के संवैधानिक एवं मौलिक अधिकारों की रक्षा करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। बंदियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप भोजन, आवास, साबुन-तेल, स्वास्थ्य सुविधाएं तथा आवश्यकतानुसार विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि किसी कारणवश जेल में आए बंदी भी समाज का हिस्सा हैं और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन का दायित्व है।

निरीक्षण में पाया गया कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार अरहर की दाल के स्थान पर चने की दाल परोसी गई थी। साथ ही खाद्यान्न वितरण के स्टॉक रजिस्टर का भी परीक्षण किया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि स्टॉक रजिस्टर में निर्धारित मात्रा और वास्तविक वितरण में अंतर पाया गया तो संबंधित प्रभारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने बंदियों से कहा कि यदि उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानी, विधिक सहायता की आवश्यकता अथवा शासन द्वारा निर्धारित सुविधाओं के संबंध में कोई शिकायत हो तो तत्काल जेल प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि समय पर समाधान किया जा सके।

उन्होंने बंदियों को आपसी सौहार्द बनाए रखने, भविष्य में कानून का पालन करने तथा समाज की मुख्यधारा से पुन: जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन बंदियों के पुनर्वास एवं सकारात्मक वातावरण निर्माण के लिए लगातार प्रयासरत है तथा समय-समय पर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

# 4 माह से जला पड़ा ट्रांसफार्मर, अंधेरे में गांव, फिर भी भेजे जा रहे बिजली बिल



**पन्ना।** बिजली विभाग की लापरवाही चरम सीमा पर चल रही है भारी भरकम बिजली बिल दिए जाने के बावजूद लगातार कटौती हो रही है जिससे आम लोग परेशान हैं दूसरी तरफ अनेक ग्रामों में ट्रांसफार्मर खराब है उसके बावजूद बिजली के बिल प्रत्येक माह थमाए जा रहे हैं इसी प्रकार का मामला रैपुरा तहसील अंतर्गत सिमरिया विद्युत वितरण केंद्र के ग्राम बमोरी का सामने आया है जहां पर 4 माह से ट्रांसफार्मर खराब है लोग अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं उसके बावजूद प्रत्येक माह बिजली के बिल उपभोक्ताओं को दिए जा रहे हैं उक्त मामले को लेकर ग्रामीणों द्वारा सिमरिया विद्युत वितरण केंद्र पहुंचकर आवेदन दिया गया है तथा तत्काल ट्रांसफार्मर का सुधार कार्य कराए जाने की मांग की गई है ज्ञात हो वर्तमान बरसात के समय में अंधेरे के चलते जहां जहरीले कीड़ा निकल रहे हैं मच्छरों से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है डेंगू टाइफाइड मलेरिया की बीमारियां बढ़ रही हैं वहीं दूसरी ओर छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है स्थानीय लोगों ने तत्काल ट्रांसफार्मर का सुधार कार्य जाने की मांग की है आगे देखना है कब तक ट्रांसफार्मर का सुधार कार्य होता है।

### पति नहीं मुझे अपने माता-पिता के साथ रहना है

# महिला के बयानों के मद्देनजर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका निराकृत

**जबलपुर, देशबन्धु।** मायके पक्ष द्वारा पत्नी का अपहरण कर उसे बंधक बनाकर रखे जाने का आरोप लगाते हुए पति ने हाईकोर्ट में दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस विवेक रूसिया तथा जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ के समक्ष पूर्व आदेश के परिपालन में मैहर पुलिस द्वारा महिला को पेश किया गया। महिला ने युगलपीठ को बताया कि वह स्वेच्छा से अपने माता-पिता के साथ रहना चाहती है। युगलपीठ महिला के बयान को रिकॉर्ड में लेते हुए याचिका का निराकरण कर दिया। मैहर जिले के उदयपुर निवासी रोहित कुमार चौधरी की से दायर याचिका में कहा गया था कि मई माह में प्रेम विवाह करने के कारण उसकी पत्नी के मायके के लोग उससे रंजिश रखते थे। पुलिस के माध्यम से उसकी पत्नी के मायके वाले उसे तथा परिजनों को प्रताड़ित कर रहे थे। जिसमें दो पुलिसकर्मियों की भूमिका अहम थी। प्रताड़ना से त्रस्त होकर उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट ने दोनों को बालिग मानते हुए पुलिस व जिला प्रशासन को सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में आवश्यकता अनुसार सुरक्षा पर निर्णय लेने के आदेश जारी किये थे। अनावेदक पक्ष की नाराजगी के कारण वह अपनी पत्नी व भाई के साथ दिल्ली जाकर रहने लगा था। जिसके बाद उसकी पत्नी के मायके पक्ष के लोग विगत 26 जुलाई को दिल्ली पहुंच गये और उसके तथा भाई के साथ मारपीट करने हुए पत्नी का अपहरण कर ले गये। जिसकी रिपोर्ट उसने दिल्ली के संबंधित थाने में दर्ज कराई है। इस दौरान पत्नी का फोन आया कि मायके पक्ष वाले लोग उसे कमरे में बांधकर रखते है और किसी से मिलने नही देते है। किसी तरह अवसर पाकर फोन कर रही है। युगलपीठ ने सुनवाई करते हुए महिला को पेश करने के निर्देश जारी किये थे। मामले में आगे ही सुनवाई दौरान महिला ने न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर कहा कि वह अपने पति के साथ नहीं रहना चाहती। जिसके बाद न्यायालय ने महिला की इच्छानुसार उसे अपने माता-पिता के साथ जाने की अनुमति प्रदान करते हुए याचिकाकर्ता को हिन्दू मैरिज एक्ट के तहत कानूनी विकल्प के उपयोग की स्वतंत्रता प्रदान की है।

### उच्च न्यायालय से 2 भाईयों को राहत

# पुलिस जांच पर उठाए सवाल, उम्रकैद की सजा निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने दमोह के वर्ष 2009 के हत्याकांड में पुलिस जांच की बुनियाद पर ही गंभीर सवाल खड़े किये है। न्यायालय पाया कि एफआईआर की विश्वसनीयता से लेकर हत्या में इस्तेमाल बताए गए चाकू और गवाहों के बयानों तक कई ऐसे तथ्य हैं, जो अभियोजन की कहानी पर संदेह पैदा करते हैं। इन परिस्थितियों में जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनीन्द्र कुमार सिंह की युगलपीठ ने तुलसीराम राजपाल और उसके भाई हरप्रसाद की उम्रकैद की सजा निरस्त कर दोनों को बरी कर दिया। दरअसल, यह मामला 25 अगस्त 2009 को दमोह के मड़ियादो थाना क्षेत्र में प्यारेलाल गड़रिया की चाकू मारकर हत्या से जुड़ा है। जिला अदालत ने 29 जून 2012 को दोनों भाइयों को उम्रकैद सुनाई थी। करीब 17 साल जेल में रहने के बाद हाईकोर्ट से उन्हें राहत मिली। हाईकोर्ट ने पाया कि मृतक सामान्य तौर पर हस्ताक्षर करता था, लेकिन एफ्आइआर पर उसका अंगूठे का निशान मिला। पुलिस यह भी नहीं बता सकी कि एफआईआर किसने लिखी थी और उसे लिखने वाले पुलिस कर्मी का बयान भी रिकार्ड पर नहीं था। कोर्ट ने कहा कि परिस्थितियां इस आशंका को जन्म देती हैं कि एफआईआर मृतक की मृत्यु के बाद तैयार की गई हो सकती है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल कथित चाकू जब्त किया, लेकिन एफएसएल जांच में उस पर खून के निशान नहीं मिले।

# विद्यार्थियों को भारतीय संविधान, महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा व सड़क सुरक्षा की दी जानकारी



**दमोह देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय भोपाल व शिक्षा विभाग के समन्वय से मध्यप्रदेश में सृजन संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिसका उद्देश्य विधार्थियों में विधिक जागरूकता, सुरक्षा बोध तथा न्याय तक पहुंच के संबंध में समझ विकसित करना तथा पुलिस व समुदाय के बीच विश्वास व संवाद को सुदृढ़ करना है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) के निर्देशन में 6 अगस्त 2026 को शासकीय सांदीपनि उ.मा. विद्यालय, दमोह में आयोजित जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद कार्यक्रम का सेमिनार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इसके उपरांत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया ने सृजन संवाद कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को कानून का पालन, सामाजिक उत्तरदायित्व व जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में एडीपीओ नारायण पटेल द्वारा भारतीय संविधान व पॉक्सो अधिनियम, एसडीओपी पथरिया सुश्री प्रिया सिंधी द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम व जेजे एक्ट, यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक दलबीर सिंह मार्को द्वारा सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों, प्रआर राकेश अठ्या द्वारा साइबर सुरक्षा तथा महिला थाना प्रभारी निरीक्षक फेमिदा खान, सब इंस्पेक्टर सविता रजक द्वारा महिला सुरक्षा व महिला संबंधी कानूनों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों द्वारा सरल व प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। अंत में विद्यार्थियों से कानून का पालन करने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। जन संवाद कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकार नारायण पटेल,यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को ,महिला थाना प्रभारी निरी. फेमिदा खान, उनि सविता रजक,साइबर सेल से प्र.आर.राकेश अठया और सौरभ टंडन पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी व जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दमोह से एडीपीसी शरद तिवारी, विद्यालय के प्राचार्य आरपी कुर्मी व कार्यक्रम प्रभारी नीतेश डिम्हा व संजय खरे, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण,बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अब न देरी, न दूरी



## मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान
## अब सरकार हमारे द्वार

- नामांतरण, सीमांकन व फाइलें अब अटकेंगी नहीं, होगा ऑन-द-स्पॉट क्लीयरेंस!
- हर योग्य किसान को फार्मर ID और टॉप-क्वालिटी खाद-बीज की इंस्टेंट डिलीवरी
- आयुष्मान कार्ड का 100% कवरेज + हॉस्पिटल्स का ऑन-ग्राउंड सरप्राइज ऑडिट
- e-KYC और आधार कार्ड अपडेशन बिना किसी झंझट के तुरंत डन!
- कुटीर व लोकल बिजनेस को N.O.C. और स्वीकृतियों का सुपरफ़ास्ट अप्रूवल
- PM आवास, नल से जल, राशन और लॉ एंड ऑर्डर का स्ट्रिक्ट ऑन-स्पॉट चेक
- लोक सेवा गारंटी प्रकरणों का शत-प्रतिशत समाधान, सरकारी कार्यप्रणाली का इवैल्यूएशन और जनसमस्याओं का क्विक सॉल्यूशन
- आंगनवाड़ी सेवाओं व बच्चों के पोषण की निगरानी और स्कूल-कॉलेजों की शिक्षा का मूल्यांकन
- सड़क, तालाब, अमृत सरोवर और अन्य विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन



शुभारंभ
**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव** द्वारा
छिंदवाड़ा, मध्यप्रदेश

D-11073/26

**सीधा प्रसारण** @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhypradesh @JansamparkMP | JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

**7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027**
**हर शुक्रवार, सरकार जनता के द्वार**